# दंगल प्रतियोगिता में लगातार पहलवान दिखा रहे अपना दमखम



तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अंतर्गत चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में हो रही अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता में पहलवान अपना दमखम दिखाते हुए एक दूसरे को पिछाड़ने में बाजी लगा रहे हैं। बीते दिनों दंगल प्रतियोगिता के तहत छह कुश्ती हुई पहली कुश्ती अभिषेक पहलवान हरगांव की सुभाष पहलवान बडेलिया के साथ हुई जिसमे अभिषेक पहलवान ने सुभाष पहलवान बडेलिया को पराजित कर विजय हासिल की दूसरी कुश्ती सूरज पहलवान बडेलिया और रितेश पहलवान जमलाबाद, के साथ हुई जिसमे दोनों पहलवान बराबरी पर रहे, तीसरी कुश्ती काला शैतान राजस्थान और रितेश पहलवान जमलाबाद के साथ हुई दोनों पहलवान बराबरी पर रहे,चौथी कुश्ती स्टील पहलवान कलियर शरीफ और काला कोबरा पहलवान हरिद्वार के साथ हुई जिसमे स्टील पहलवान कलियर शरीफ ने काला कोबरा पहलवान हरिद्वार को पराजित कर विजय हासिल की,पांचवी कुश्ती विक्रम फौजी पहलवान हरिद्वार और भूरा पहलवान कानपुर के साथ हुई काफी देर तक दोनों पहलवान एक दूसरे को पराजित करने की कोशिश करते रहे लेकिन दोनों पहलवान बराबरी पर रहे, छठवी कुश्ती शाहिल पहलवान बहादुर गढ और बादल पहलवान कानपुर के साथ हुई काफी देर तक हुई कुश्ती मे दोनो पहलवान बराबरी पर रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खां, अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्रा, पवन दीक्षित,मुशीर अहमद, हारून कुरेशी,शोएब खां समेत दर्शक उपस्थित।आज अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता के तहत पहलवानों ने एक दूसरे पर विजय पाने के उद्देश्य से अपना दमखम दिखाया। इस दंगल प्रतियोगिता के आयोजन इमरान ने बताया पहली कुश्ती काफील पहलवान बुलंदशहर और तूफान पहलवान राजस्थान के साथ हुई जिसमें तूफान पहलवान राजस्थान ने काफिल पहलवान बुलंदशहर को पराजित कर विजय हासिल की। दूसरी कुश्ती मौसम अली पहलवान पंजाब और नकाबपोश पहलवान महाराष्ट्र के साथ हुई काफी देर तक दोनों पहलवान एक दूसरे को पछाड़ने में लगे रहे आखिर में मौसम अली पहलवान पंजाब ने नकाबपोश पहलवान महाराष्ट्र को पराजित कर दिया। तीसरी कुश्ती सुल्तान पहलवान देवा शरीफ और आदिल पहलवान अलीगढ़ के मध्य हुई दोनों पहलवान बराबरी पर रहे चौथी कुश्ती कैल्शियम पहलवान बनारस और तूफान पहलवान राजस्थान के साथ हुई इसमें भी दोनों बराबरी पर रहे पांचवी कुश्ती भूरा पहलवान कानपुर और भूकंप पहलवान उत्तराखंड के साथ हुई भूकंप पहलवान उत्तराखंड ने भूरा पहलवान कानपुर को पराजित कर दिया छठी कुश्ती नेपाल के सनी पहलवान और राजस्थान के जल्लाद पहलवान के साथ हुई जल्लाद पहलवान राजस्थान को पराजित कर सनी थापा पहलवान नेपाल ने विजय हासिल की। इस अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दर्शक उपस्थित रहकर कुश्ती का लुत्फ उठाते नजर आए।

## निरसा में लगातार चोरी की घटना बढ़ते जा रही है

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो



चिरकुंडा/धनबाद। निरसा में चोरी की घटना लगातार बढ़ती ही जा रही है। विगत एक दिन पूर्व जहां मुग्मा मोड़ स्थित ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना हुई, उसके बाद बिती देर रात निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासनबडिया मोड स्थित अशोक मांझी की पान की दुकान पर चोरों ने धावा बोला और रात के अंधेरे में अज्ञात चोरों ने दुकान के ऊपर लगे एस्बेस्टस सिट को तोड़कर चोर अंदर घुसे और दुकान में रखा सारा सामान तथा नगदी पर अपना हाथ साफ कर लिया, सुबह जब दुकान मालिक अशोक मांझी ने अपनी दुकान खोली तो देखा की दुकान का ऊपर का एस्बेस्टस सिट टूटा हुआ है। और गल्ले में रखे लगभग 15 से 20 हजार नगद चोरी कर ले गये हैं। तथा कुछ कीमती सामान भी दुकान से गायब है। देखते ही देखते आसपास के लोग की भीड जुड़ गयी और सभी ने चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस को इसका जिम्मेदार बताया और पुलिस से गुहार लगाई कि कम से कम रात्रि में गश्ती पर पुलिस विशेष ध्यान दें जिससे चोरी की घटना को रोका जा सके।

## चीनी मिलों में ठेकेदार हो रहे मालामाल मजदूर हो रहे कंगाल मजदूरों का शोषण करने वाले ठेकेदारों के नाम का शीघ्र होगा खुलासा

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय



सीतापुर। आपको बता दें कि चीनी मिलों में ठेका कर्मचारी बहुत ही कम पैसे में काम करने पर मजबूर हो रहे हैं ठेकेदार चीनी मिल कम्पनियों से भारी भरकम पैसे लेती हैं और कम पैसे देकर मजदूरों से आठ से नौ घंटे काम कराया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के रामकोट थाना क्षेत्र में जवाहरपुर में स्थित डालमिया चीनी मिल में ठेकेदार मजदूरों का जमकर शोषण कर रहे हैं। आपको बता दें कि यहां चीनी मिल में काम करने वाले कुछ मजदूरों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि हम लोगों को दो सौ रुपये मजदूरी दी जाती है और आठ से नौ घंटे काम लिया जा रहा है जिसमें ठेकेदार मलाई काट रहे हैं वहीं विभागीय अधिकारी श्रम विभाग के अधिकारी ऐसे मामलों में कोई भी जांच नहीं कर रहे हैं जिससे मजदूरों का शोषण हो रहा है और ठेकेदार मालामाल होते जा रहे हैं।

## नब्बे साल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दुबारा प्रमाण पत्र पाने के लिए खा रहे हैं दर-दर की ठोकरें

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय



सीतापुर। जिले की सिधौली तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी नब्बे वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अपना दोबारा प्रमाण पत्र पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। आपको बताते चलें कि तहसील सिधौली क्षेत्र के ग्राम ज्योतिशाह आलमपुर के मजरे चिरैयापुरवा निवासी नब्बे वर्षीय स्वाधीनता संग्राम सेनानी पिछले तीन साल से अपने प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रति पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा उन्हें इधर से उधर दौड़ाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शफीक खां ग्राम चिरैयापुरवा जो कि ग्राम पंचायत ज्योतिशाह आलमपुर के निवासी हैं। उन्होंने भारत के स्वाधीनता संग्राम में प्रतिभाग किया था जिसके एवज में उनको स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र मिला था,जो कि घर में आग लग जाने के कारण जलकर नष्ट हो गया। तब से वे कई बार प्रार्थना पत्र देकर उक्त प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रति उपलब्ध कराने हेतु निवेदन कर रहे हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा बार-बार कहा जा रहा है कि उक्त समस्या का समाधान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लिपिक कलेक्ट्रेट, सीतापुर के स्तर से ही हो सकता है परन्तु कलेक्ट्रेट सीतापुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लिपिक का कहना है कि उनका प्रमाणपत्र उनके यहाँ से जारी नहीं हुआ। शफीक खाँ का कहना है कि उनके पास आय का कोई साधन नहीं है और वे बुजुर्ग होने के कारण वे आने जाने में भी असमर्थ हैं।इसके बावजूद प्रशासन उनके निवेदन पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## जनहित के कार्य लिए गठन हुआ क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा



तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

डिगवाडीह/धनबाद। गुप्ता मेडिकल के पास जनहित कार्य के लिए आयोजित बैठक में क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मोर्चा के पदाधिकारियों का चयन किया गया।बैठक की अध्यक्षता रामप्रवेश यादव ने किया।इस बैठक में काफी संख्या में समाजसेवी, राजनीतिज्ञ बुद्धिजीवी उपस्थित थे। बैठक की चर्चा में झारखण्ड की आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया साथ ही लोगों की दर्जनों समस्याएं निकल कर सामने आई। वंचितों की समस्याओं के निराकरण के लिए सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई।उपस्थित लोगों ने निराकरण के सभी बिंदुओं पर एक साथ लड़ने के लिए आवाज़ उठाई। मोर्चा के सचिव व बैठक के संचालनकर्ता अनिल बाउरी ने कहा की मोर्चा का गठन जनहित के लिए है अगर जनहित के लिए लड़ाई लड़नी होगी तो मरते दम तक लड़ते रहेंगे। आज तक जनहित कार्यों के लिए कोई मोर्चा नहीं बना है ये पहली बार जनहित के कार्यों के लिए क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया है। इस कार्य में महिला, पुरुष, बच्चे, शिक्षा से वंचित बच्चे, स्वास्थ्य से व आर्थिक स्थिति से कमज़ोर मजदूरों, बेरोजगारों जैसी अनेकों समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य करेंगी। अगर जनहित के कार्य के लिए सरकार से भी लड़नी पड़ी तो हम लोगो पीछे नहीं हटेंगे।मोर्चा के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा समान काम का समान वेतन दिया जाए, पारा मेडिकल, पारा शिक्षक में से पारा नाम को जल्द जल्द हटाया जाए।बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी एससी एसटी एवं माइनोरिटिक जिला महासचिव गोपाल यादव अपने संबोधन में कहा कि जनहित कार्यों के लिए सभी मोर्चे के साथ चले और लोगों का आवाज बुलंद करें। बैठक में मुख्य रूप से रामप्रवेश यादव ओबीसी एससी एसटी जिला महासचिव गोपाल यादव व इस मोर्चे के मीडिया प्रभारी गोपाल यादव, शिवानी सिंह यादव, उपाध्यक्ष हरिराम पंडित, महासचिव अनिल बाउरी, कोषाध्यक्ष शिवजी सिंह, सहसचिव अप्पू खान,रंजीत यादव, सैयद सुल्तान खान, अरमान अंसारी, मोतीलाल हेम्ब्रम, संतोष यादव,रामलाल महतो,मो. इरशाद, महेंद्र विश्वकर्मा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

# सामाजिक सद्भाव रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन सभी के लहू का रंग एक है - उत्कर्ष अवस्थी

**भाजपा भड़काऊ बयान बाजी कर अशांति का माहौल बनाने की कर रही है कोशिश**


तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय



सीतापुर। जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर द्वारा कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी (सांसद राज्यसभा) के जन्म दिवस के अवसर पर सामाजिक सद्भाव रक्तदान शिविर का आयोजन नौ दिसंबर 2024 को स्थानीय जिला अस्पताल में प्रात: ग्यारह बजे किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि हम सब की प्रेरणा स्रोत, विनम्र, सहज और पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का भाव रखने वाली हम सबकी नेता सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर रक्तदान से अच्छा कोई दूसरा उपहार हम कांग्रेसजन उन्हें नहीं दे सकते। आज देश में जिस तरह विषाक्त माहौल वर्तमान भाजपा सरकार में बन गया है और दिन प्रति दिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। बंटोगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है। यह लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेकुलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं?। मगर हम सभी कांग्रेसजन प्रति बद्ध हैं और उनके नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए हम राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक, हर तरीके की लड़ाई सदैव लड़ते रहेंगे। इस देश के मूल चरित्र को बचाए रखने के लिए ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया,एक जैसा लहू का रंग दिया। उसने कोई भेद नहीं किया। अवस्थी ने कहा सभी के शरीर में एक जैसा रक्त बहता है और यह लाल रक्त हमें जातियों में, धर्म में बांटने से रोकता है और एकता का वैज्ञानिक दृष्टि कोण देता है। जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी देश की सर्व मान्य नेता हैं एवं सीतापुर के एक-एक कांग्रेस कार्य कर्ता की तरफ से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए आए हुए सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में रक्तदान देने वालों में जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी,जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई, युवा कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय सचिव अभ्यया सिंह चौहान, छात्र संगठन जिला अध्यक्ष शोभित अवस्थी,अनुपम बाजपेई, अमांश वर्धन सिंह, जिला सचिव प्रेम यादव आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज किशोर सिंह,सुभाष राजवंशी,विनीता राजवंशी, एम एल पांडे, डॉ० यथार्थ शुक्ला,फरहत बेग सनी, त्रिभुवन सिंह,इकबाल अहमद अंसारी,गुफरान खां, प्रशांत वेश्य, अनिल दीवान, पीयूष मिश्रा,मिस शबनम आदि उपस्थित रहे।

## संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर नियुक्त।

तीसरा विकल्प न्यूज़ - कन्हैया कुमार सिंह



जमुई पटना। संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए गवर्नर नियुक्त किए गए हैं। वह शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। दास का कार्यकाल 10 दिसंबर को खत्म हो रहा है। मल्होत्रा 1990 बैच के राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। मल्होत्रा आरबीआई के 26वें गवर्नर होंगे। उनका कार्यकाल बुधवार से शुरू होकर तीन साल का होगा। यह नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने की है। संजय मल्होत्रा आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। इसके बाद उन्होंने अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स किया है। उनके पास 33 साल का व्यापक अनुभव है। उन्होंने बिजली , वित्त , कराधान , सूचना प्रौद्योगिकी और खनन जैसे कई क्षेत्रों में काम किया है। वर्तमान में वह वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वह इसी मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव थे। उनके पास राज्य और केंद्र सरकार दोनों में वित्त और कराधान का अनुभव है। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर 2018 को आरबीआई के 25वें गवर्नर बने थे। उन्होंने उर्जित पटेल के अचानक इस्तीफे के बाद यह पदभार संभाला था। उनका शुरुआती कार्यकाल तीन साल का था। बाद में उन्हें सेवा विस्तार दिया गया जो मंगलवार को समाप्त हो रहा है। जब दास ने मिंट स्ट्रीट में पदभार संभाला था , तब बाजार अस्थिर था। पटेल के अचानक इस्तीफे से बाजार में उथल-पुथल मच गई थी। आरबीआई और सरकार के बीच अधिशेष हस्तांतरण के मुद्दे पर मतभेद थे। दास ने बाजार को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिजली पंचायत में गूंजी समस्याओं की आवाज साथ ही बकाया बिलों की अदायगी कर छूट का लाभ लेने की की गई अपील-जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित



तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जनपद के हरगांव क्षेत्र में विद्युत उप केन्द्र हरगांव में शासन की मंशानुरूप विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने आम जनता के बकाया विद्युत बिल को सहूलियत से जमा कराने के उद्देश्य से शासन से जारी स्कीम से सभी को अवगत कराने के उद्देश्य से विद्युत उपकेन्द्र हरगांव पर एक महापंचायत का आयोजन किया गया।जिसमें जिले के उच्चाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। विद्युत अधिकारियों ने पंचायत में आए हुए जन प्रतिनिधियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव क्षेत्र में स्थित विद्युत वितरण उपकेन्द्र हरगांव के कार्यालय पर शासन की तरफ से जनता के बकाया बिजली के बिलों को सुचारु रूप से जमा कराने के लिए निकाली गई तीन चरणों की स्कीम से अवगत कराने के लिए 33/11केवी विद्युत उपकेंद्र हरगांव के परिसर में एक बिजली विभाग की महा पंचायत का आयोजन सोमवार को दिन के बारह बजे किया गया।जिसमे एक्शियन विद्युत संजीव मिश्र सहित बिसवां डिवीजन के उप केंद्रों के अवर अभियंता गणों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस पंचायत की अध्यक्षता विधानसभा हरगांव के प्रभारी राहुल जायसवाल ने की।बिजली अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए स्वागत किया।सभा को सम्बोधित करते हुए उपकेन्द्र अधिकारी विनीत वर्मा ने कहा कि उपकेन्द्र से वितरित बिजली का क्षेत्र में लाखों रुपया बकाया है। उस बकाया धनराशि को सहूलियत पूर्वक जमा कराने के लिए शासन से एक स्कीम जारी की गई है।जिसके अनुसार बकाए की एकमुश्त धनराशि जमा करने पर सर चार्ज में प्रथम चरण में सौ प्रतिशत की छूट दी जा रही है।जिसकी अवधि पन्द्रह दिसम्बर से लेकर इकतिस दिसम्बर 2024तक है।दूसरे चरण मे सरचार्ज में छूट सत्तर प्रतिशत है।जिसका अवधि एक जनवरी से पन्द्रह जनवरी 2025 तक है।इसी प्रकार तृतीय चरण में सरचार्ज में साठ प्रतिशत की छूट है।जिसकी अवधि 15 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने सभी बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि प्रथम चरण में अपना बकाया जमा कर अधिक से अधिक लाभ उठाऐं। अधिशाषी अभियंता संजीव मिश्र ने कहा विभाग हर समय आप लोगों की सेवा एवं सहायता हेतु तत्पर है।उपकेंद्र अधिकारी विनीत वर्मा सहित समस्त अवर अभियंताओं ने जन प्रतिनिधियों को माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सुनील मिश्र बब्बू, आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खां सभासद शोएब खां ऋषभ गुप्ता मंसूर अली मोहम्मद सलीम मोहम्मद अनीस मोईन अली परवेज आलम सभासद प्रतिनिधि जगन्नाथ प्रसाद दानिश नकवी के अलावा क्षेत्रीय प्रधानगण के साथ साथ भारी संख्या में जनप्रतिनिधि व उपभोक्ता गण मौजूद रहे।

## 9 सूत्री मांग को लेकर बेरोजगार संघर्ष समिति ने गोपीनाथ पुर कोलियरी में दिया एक दिवसीय धरना

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

धनबाद। निरसा में बेरोजगार संघर्ष समिति के बैनर तले गोपीनाथपुर कोलियरी में नियोजन की मांग को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन विधायक रहे मौजूद निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को ईसीएल मुग्मा क्षेत्र अंतर्गत गोपीनाथपुर कोलियरी परिसर में निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें मुख्य रूप से निरसा के विधायक रूप चटर्जी पहुंचे और सभी लोगों को संबोधित किया बैठक में सैकड़ो की संख्या पहुंचे बेरोजगार युवक महिलाएं बच्चों बूढ़ों सभी ने हिस्सा लिया बैठक में मुख्य रूप से गोपीनाथपुर कोलियरी में काम कर रही जिसीपीएल कंपनी द्वारा वहां के लोगों का शोषण किए जाने के विरोध में यह बैठक रखी गई थी वहां के स्थानीय लोगों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि गोपीनाथपुर कोलियरी में कार्य कर रही जीसीपीएल कंपनी यहां के स्थानीय लोगों को नियोजन नहीं देकर बाहरी लोगों को नियोजन दे रही है जो कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मुख्य रूप से यहां के दो स्थानीय ठेकेदार रंगदारी करके पूरे कंपनी को चला रहे हैं यहां दो ठेकेदार जिसे चाहते हैं उसे नौकरी में लगाते हैं और जिसे नहीं चाहते उसे नहीं रखते हैं दूसरी तरफ उनका वेतनमान में भी भारी कटौती कर अपनी अवैध कमाई भी कर रहे हैं मौके पर पहुंचे विधायक अरुण चटर्जी ने कहा कि हम इस लड़ाई को लड़ेंगे आज की इस बैठक के माध्यम से कंपनी को अपनी 9 सूत्री मांगों को दिया जा रहा है जो अगले 7 दिनों में अगर कंपनी हमारी 9 सूत्री मांगों को नहीं मानती है तो आगामी 16 दिसंबर को हम यहां धरने पर बैठेंगे और पूरी तरह से कोलियरी के कामकाज को ठप कर देंगे अगर यह कंपनी यहां के स्थानीय लोगों को नियोजन नहीं देती है और हमारी 9 सूत्री मांगों को नहीं मानती है तो इस कंपनी को यहां पर चलने नहीं दिया जाएगा।



## धर्म परिवर्तन करा किशोरी से निकाह कराने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई



शाहाबाद/हरदोई। धर्म परिवर्तन करा किशोरी से निकाह कराने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस किशोरी को बरामद कर मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बीती 27 नवंबर को केसरिया हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष पवन रस्तोगी पुत्र रामसेवक रस्तोगी ने कोतवाली पर तहरीर देकर बताया था कि क्षेत्र के दरियापुर विक्कू निवासी हसन पुत्र गुलफाम एक लड़की को बहला-फुसलाकर दिल्ली से अपने साथ ले आया, तथा धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी हसन पुत्र गुलफाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। धर्म परिवर्तन करा किशोरी से निकाह कराने के मामले में पुलिस ने सोमवार को अन्य 4 आरोपी सकूर पुत्र सज्जाद निवासी ग्राम दरियापुर विक्कू कोतवाली शाहाबाद, अनीस पुत्र अकबर निवासी आदमपुर थाना सांडी जनपद हरदोई, तय्यब गनी पुत्र साबिर गनी निवासी पिपरी थाना मिरानपुर कटरा व शाहरुख मंसूरी पुत्र अजमत निवासी मोहल्ला गौसनगर कस्बा व थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर विक्कू निवासी हसन वारसी दिल्ली के संगम विहार में सिलाई का काम करता था। वहीं दुकान के पड़ोस में 16 वर्षीय किशोरी अपने माता-पिता के साथ रहती थी। हसन वारसी ने अपना नाम हेमंत बताकर किशोरी को प्रेमजाल में फंसा लिया और उसे लेकर फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट किशोरी के पिता ने दिल्ली के संगम बिहार थाने पर दर्ज कराई थी। बीती 24 नवंबर को हसन किशोरी को लेकर गांव आया और धर्म परिवर्तन करा निकाह कर लिया। इसकी जानकारी होते ही केसरिया हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष पवन रस्तोगी ने कोतवाली पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए दबिश देकर किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# जन समस्याओं के निदान हेतु शुरू किसान मंच सीतापुर दस दिसम्बर से शुरू करेगा सांकेतिक धरना

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

राष्ट्रीय किसान मंच
समृद्ध किसान समृद्ध देश

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा दिल्ली बार्डर पर तेरह महीने आंदोलन के बाद एम एस पी समझौते को अविलम्ब अमल में लाया जाए।गन्ना सत्र शुरू होने के एक माह पश्चात भी अभी तक गन्ना मूल्य निर्धारण नहीं किया गया है। अनुरोध है कि गन्ना मूल्य कम से कम चार सौ पचास रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए। समूचे जनपद सीतापुर में डीएपी खाद की खुलेआम कालाबाजारी चल रही है।घंटों लाइन में लगने पर भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही।दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अविलम्ब ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। राजधानी से सटे जनपद सीतापुर में प्रधानमंत्री सड़क योजना अन्तर्गत विगत वर्ष के साथ इस वर्ष बनी सड़कों में जिम्मेदारों द्वारा मानक विहीन सड़कें बनाकर खुले आम लूट की गई है,इन सभी सड़कों का भौतिक सत्यापन कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। भू माफियाओं के द्वारा ग्राम पंचायत टेड़वा चिलौला ब्लाक खैराबाद की गाटा संख्या -378 भट्ठा जमीन पर वर्ष 1986 में उस समय के डी एम द्वारा रानी गैस एजेंसी के पक्ष में जारी आदेश की जांच के साथ ग्राम पंचायत कचनार विकास खण्ड ऐलिया की खाता संख्या -987 की एकड़ों जमीन पर हाई कोर्ट आदेश पर अमल कर जिला प्रशासन अवैध कब्जे दारों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आदेशित किया जाएआवारा पशुओं,बंदरों,और जंगली जानवरों से किसानों को निजात दिलाई जाए।जिला प्रशासन द्वारा पराली के नाम पर इस ठंड के मौसम में गन्ना बाहुल्य जनपद के कारण ठंड से बचने हेतु जलाए गए अलाव पर भी जुर्माना किया जा रहा है।यह किसानो के साथ घोर अन्याय है इस अवैध जुर्माने पर रोक लगाई जाए।धान क्रय केन्द्रों पर विचौलियों और दलालों द्वारा तरह तरह की कमियां निकाल कर किसानों के साथ हो रही अभद्रता से मुक्ति दिलाई जाए। सहारा इंडिया से ठगी का शिकार हुये सहारा पीड़ित निवेशकों का व्याज सहित भुगतान तत्काल कराया जाए विधवा व वृद्धा हेतु संचालित पेंशन योजना में महीनों पूर्व दिए गए आवेदन पत्र ठंडे बस्ते में डालकर दलालों के माध्यम से हो रही लूट पर अंकुश व पात्रों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए।झरेखापुर विद्युत उप केन्द्र क्षेत्र में ग्यारह हजार की जर्जर विद्युत लाइन का नवीनीकरण के साथ ग्राम पंचायत नरसोही में आबादी से सटी ग्यारह हजार विद्युत लाइन को आबादी से दूर किया जाए।गौशाला से जुड़े अवैध कब्जे से निजात दिलाई जाए।नहरों में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया किसान सिंचाई हेतु परेशान हैं।उपरोक्त जनहित के मुद्दों पर जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रगतिशील किसानों के आजीविका एवं रोजगार के उद्देश्य से योजनाओं और कृषि उपकरणों किया शुभारंभ

तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ



असम। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत असम डेयरी, मांस और अंडा मिशन समिति के तहत जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के पशुधन क्षेत्र में प्रगतिशील किसानों के लिए आजीविका और रोजगार पैदा करने के लिए असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कल रविवार को कामरूप जिला आयुक्त कार्यालय के परिसर में आयोजित एक समारोह में विशेष योजना का उद्घाटन किया और कृषि उपकरणों का वितरण किया ।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सामुदायिक विकास परियोजना के तहत महाबहू कृषक प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन को उन्नत तकनीक वाले धान पेराई मशीन भी प्रदान करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के आर्थिक क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि, कृषि उपज, पशुपालन को जीवंत सेक्टर में बदलाव लाना होगा। यह कहते हुए कि घरेलू स्तर पर उत्पादित उत्पादों को केवल एक स्तर तक ले जाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर असम का निर्माण तभी संभव होगा जब हम वाणिज्यिक स्तर पर उत्पादन के बारे में सोचेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की तुलना में असम आज इस संबंध में एक प्रारंभिक अवस्था में है। मछली, अंडे, दूध, बकरी आदि अभी भी राज्य के बाहर से राज्य में लाना पड़ता है। पश्चिम बंगाल की सीमाओं पर खड़े होने से पता चलता है कि असम के बाहर से कितना खाद्य पदार्थ आता है। यह कहते हुए कि कई नए शिक्षित युवाओं ने राज्य की नई आर्थिक क्रांति का बीड़ा उठाया है, उन्होंने कहा कि उनमें से कई को असम प्राइड और असम सौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह गुजरात, कर्नाटक आदि राज्य औद्योगिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, उसी तरह कृषि क्षेत्र भी आगे बढ़ रहा है। भाषण के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि गुजरात प्रतिदिन 1 करोड़ लीटर और कर्नाटक 60 लाख लीटर दूध का उत्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि असम में प्रतिदिन व्यावसायिक रूप से एक लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रयासों के बावजूद 2 लाख दूध का उत्पादन करना संभव नहीं हो पाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादन, मछली उत्पादन में सरकार आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रही है। लेकिन अब प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण की कमी के कारण इसे दूर रहना पड़ता है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले असम के किसानों को अपनी उपज 600 रुपये से 800 रुपये प्रति क्विंटल के बीच व्यापारियों को बेचनी पड़ती थी। आज, व्यापारी या सरकार 2,300 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदते हैं। धान ख़रीद की क़ीमत तीन गुना हो गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश जैसे राज्य 2,300 रुपये में धान खरीदते हैं और हर साल 1 करोड़ मीट्रिक टन धान भारतीय खाद्य निगम को बेचते हैं। असम अभी भी 3 लाख से 5 लाख मीट्रिक टन धान बेचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कृषि उपकरण उपलब्ध कराए हैं। प्रदेश में कृषि यंत्रीकरण का काम शुरू हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसान रुचि रखते हैं तो सिंचाई सुविधाओं की सुविधा दी जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे खेत साल में नौ माह खाली पड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि जलुकबारी विधानसभा क्षेत्र के 890 युवा इस योजना से लाभान्वित होंगे और प्रत्येक समूह के लिए 1,35,000 रुपये निर्धारित किए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि इस फंड के साथ सही तरीके से काम करके ये युवा आत्मनिर्भरता की नई क्रांति ला सकेंगे। इस अवसर पर असम सरकार के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, अतुल बोरा, विधायक दिगंता कलिता, प्रधान सचिव मनीष ठाकुर और कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जोन 1 एलडीए ने कोर्ट के आदेश के बाद गोमती नगर में 3 अवैध निर्माण किए सील



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर क्षेत्र में अवैध तरीके से किये जा रहे 3 निर्माण कार्यों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजकुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/4 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसी तरह हितेश खन्ना व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-5 में भूखण्ड संख्या-5/483 पर लगभग 115 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिनके खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश दिए गये थे। नावेद सिद्दीकी व अन्य द्वारा गोमती नगर के सृजन विहार में भूखंड संख्या-49 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। जिसे प्रवर्तन जोन 1 टीम द्वारा पूर्व में सील किया गया था। वर्तमान में विपक्षी द्वारा अवैध तरीके से परिसर की सील खोलकर पुन: निर्माण/फिनिशिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके बाद परिसर को पुन: सील करने के आदेश दिए गये थे। इसके अनुपालन में सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से तीनों अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया। वीसी ने कहा- अवैध निर्माण करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने कहा कि शहर में किसी भी कीमत पर अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। अवैध निर्माण के खिलाफ शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि एलडीए के किसी अधिकारी और कर्मचारी की इसमें मिलीभगत पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई होगी।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़कर भेजा जेल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। बंथरा के मेमौरा गांव में बीते शुक्रवार को मामूली बात पर राजेश कुमार और पड़ोसी राम सिंह के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मालूम हो कि राजेश कुमार ने पड़ोसी राम सिंह व उसके बेटे राहुल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शुक्रवार सुबह वह अपनी मारुति वैन स्कूल जाने के लिए बैक कर रहा था। तभी गाड़ी पीछे होने से नाराज राम सिंह ने उसकी मारुति वैन क्षतिग्रस्त कर दी। विरोध करने पर राम सिंह ने अपने बेटे राहुल यादव के साथ मिलकर मुझे व मेरे बेटे अमन के साथ गाली गलौज कर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। वहीं राम सिंह ने राजेश के खिलाफ जानबूझकर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सुबह करीब 8:30 बजे अपने खेत की सिंचाई कर रहा था। तभी पाइप का जॉइंट निकल जाने पर वह जॉइंट लगने लगा। तब राजेश ने उसके ऊपर अपनी कार चढ़ाने की कोशिश की। आपत्ति करने पर राजेश और उसके बेटे अमन ने गाली गलौज कर उसके ऊपर फावड़े से हमला कर दिया। बाद में घर में घुसकर मारने की कोशिश की। राम सिंह ने आरोप लगाया था कि राजेश ने अपनी गाड़ी पर खुद हमला करके अपने बेटे से सिर में चोट मरवाली। इस मामले में पुलिस दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें समझाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन वह नहीं माने। जिसके बाद सोमवार को बंथरा पुलिस ने राजेश और राम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**➡ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पदाधिकारियों व सदस्यों को दिलाई शपथ**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर में तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को तहसील परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह और महामंत्री राजेंद्र यादव सहित सभी पदाधिकारी व सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि हम वकीलों के साथ हैं और उनके साथ मिलकर न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वकीलों को गरीब और निर्धन लोगों की मदद करनी चाहिए। साथ ही उनका हर तरह से सहयोग भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तहसील में आया हुआ फरियादी अपने मूल संपत्ति सुविधाओं के लिए न्याय की आस में तहसील आता है। वह अपने निकटस्थ परिजनों द्वारा सताया होता है। ऐसे में अधिवक्ता ही उसकी मदद करते हैं। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम से वकीलों ने तहसील के पास एक स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की मांग की। जिस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि तहसील के वकीलों के चिकित्सा स्वास्थ्य के लिए एक अस्पताल की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह से कहा कि अस्पताल के लिए जमीन की तलाश कर लीजिए, अस्पताल हम देंगे। शपथ लेने वालों में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह, महामंत्री राजेंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष मध्य मनोज कुमार यादव, उपाध्यक्ष मध्य गिरधारी लाल गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, संयुक्त मंत्री रेनू वर्मा, संयुक्त मंत्री अजय रावत, संयुक्त मंत्री मोहम्मद इस्लाम व कोषाध्यक्ष नीरज कुमार यादव सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी के लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी गुड्डू त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ सफल




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। प्रियंका मौर्य, सदस्या, राज्य महिला आयोग द्वारा लोकबन्धु राज नरायन संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ में नवजात कन्याओं के साथ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक कन्या शिशुओं को बेबी किट उपहार स्वरूप भेंट की गई, जिसमें लगभग 30 नवजात कन्याओं को किट दिया गया साथ ही उनके अभिभावकों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हेतु आवेदन करने के लिए जागरूक कर योजना से संबंधित पैमफ्लेट वितरित किया गया। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर अर्चना सिंह ने सदस्या को बेटी बचाओ-बेटी पढाओ कप देकर सम्मानित किया। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में लोकबन्धु राज नारायन संयुक्त चिकित्सालय से डॉ मृदुला, स्टॉफ नर्स वंदना एवं वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ की सेंटर मैनेजर अर्चना सिंह व समस्त टीम उपस्थित रही तत्पश्चात प्रियंका मौर्य, सदस्या द्वारा वन स्टॉप सेंटर लखनऊ के अल्पावास गृह में रह रही पीड़िताओं को शॉल वितरण किया।

# पीजीआई में अत्याधुनिक तकनीक और संसाधनों से सुसज्जित 12 बेड हड्डी रोग विभाग स्थापित

**➡ एचडीयू मरीजों की देखभाल के बीच एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में काम करेगी- डॉ पुलक**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। एसजीपीजीआई में सोमवार को नव स्थापित 12 बेड वाले हड्डी रोग विभाग के साथ-साथ एक सेमिनार कक्ष की स्थापना हुई। एसजीपीजीआई आर्थो विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ पुलक षर्मा ने बताया कि एसजीपीजीआई में रोगियों को बेहतर इलाज देने के लिए उच्च निर्भरता इकाई और एक सेमिनार कक्ष का उद्घाटन एसजीपीजीआई के निदेषक प्रो. आरके धीमन ने किया। ऑर्थोपेडिक्स संकाय के डॉ पुलक ने बताया कि एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रामा में हाई डिपेंडेंसी यूनिट सामान्य वार्ड देखभाल और गहन देखभाल के बीच एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में काम करेगी साथ ही आर्थोपेडिक प्रक्रियाओं से गुजरने वाले मरीजों को उनकी रिकवरी के दौरान उच्चतम स्तर का इलाज भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक उपकरणों और एक समर्पित कुशल टीम के साथ, हम रोगी प्रबंधन में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए तैयार हैं। जबकि सेमिनार कक्ष का उपयोग विभाग के भीतर शैक्षिक प्रशिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों के लिए किया जाएगा। डॉ. पुलक शर्मा ने अपने संबोधन में रोगी की देखभाल बढ़ाने और सीखने के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करने में उन्नत सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। हाई डिपेंडेंसी यूनिट अत्याधुनिक तकनीक और संसाधनों से सुसज्जित है, जो केंद्रित चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए गहन निगरानी और हस्तक्षेप का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह इकाई न केवल रोगी परिणामों में सुधार करेगी बल्कि ट्रॉमा देखभाल में व्यावहारिक अनुभव चाहने वाले निवासियों और मेडिकल छात्रों के लिए एक प्रशिक्षण मैदान के रूप में भी काम करेगी। इसके अतिरिक्त, सेमिनार कक्ष स्टाफ सदस्यों के बीच निरंतर व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा प्रदान करेगा। इसका उपयोग अंत:विषय सहयोग के लिए किया जाएगा जहां नवीन अनुसंधान पर चर्चा की जा सकती है और आर्थोपेडिक अभ्यास में नई पद्धतियों को साझा किया जा सकता है। डॉ पुलक ने बताया कि एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आर के धीमान के अथक प्रयासों से एचडीयू और सेमिनार रूम की स्थापना हो सकी है। उद्घाटन समारोह के दौरान, एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव, एएमएस एटीसी के डॉ. आर. हर्षवर्द्धन, प्रतिष्ठित संकाय सदस्य और एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में काम करने वाले अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सहित विशिष्ट अतिथि इस असवर में उपस्थित रहे।

## समाचार

### सनातन गोरखा कल्याण समिति, उ. प्र. लखनऊ की बैठक की गयी।

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। सनातन गोरखा कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश लखनऊ की बैठक बिग बाइट रेस्टोरेंट तेलीबाग रायबरेली रोड, लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह के अध्?यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन शानू मल ने किया। बैठक में लखनऊ की जानी-मानी शख्सियत, वर्तमान में आईसीआई बैंक के प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने सनातन गोरखा कल्याण समिति में आस्था रखते हुए सनातन गोरखा कल्याण समिति की अजीवन सद्स्यता ग्रहण की गई। आजीवन सदस्?यता ग्रहण करवाने वालों में जिला अध्यक्ष लखनऊ राजेश कुमार, जिला उपाध्?यक्ष मोनिका मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष बी.एम. पांडेय, ओंम कार चौरसिया, गौरव सिंह, सुमन जयसवाल, बीनू सिंह ने राजेंद्र कुमार का स्वागत और अभिनंदन किया।

### भारतीय मानवाधिकार परिवार द्वारा मानवाधिकार जागरूकता अधिवेशन का आयोजन आज, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक होंगे शामिल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर भारतीय मानवाधिकार परिवार द्वारा कल (आज ) 10 दिसंबर को कैसरबाग स्थित गांधी भवन के सभागार में मानवाधिकार जागरूकता अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मेयर सुषमा खार्कवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह शामिल होंगे। अधिवेशन राज्य सभा सांसद डॉ. अशोक वाजपेई की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। यह जानकारी अधिवेशन संयोजक एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश अवस्थी ने देते हुए बताया कि अधिवेशन में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। अवस्थी ने संगठन के पदाधिकारियों से अधिवेशन में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

### एस.आर. ग्लोबल कॉलेज ने क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जीतकर खिताब किया अपने नाम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। 20 वीं कर्नल एस.एन. मिश्र ओ.बी.ई. मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 के फाइनल (एन आर स्टेडियम) मे एस.आर. ग्लोबल कॉलेज सीतापुर रोड ने कर्नल एस एन मिश्र स्कूल को 93 रन से मैच को जीतकर खिताब को अपने नाम किया । एस.आर. ग्लोबल कॉलेज ने टॉस जीकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया । एस.आर. ग्लोबल के प्रणव ने 29 व हिमांशु रावत के 21 रन की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 123 रन बनाए। कर्नल मिश्र स्कूल की ओर से कोई भी बैट्समैन टिक कर नहीं खेल पाया पर पूरी टीम 10.1ओवर 30 रन पर ऑल आउट हो गई । गेंदबाजी में एस. आर. स्कूल के अंश यादव (मैन ऑफ द मैच) ने 2 ओवर में 4 रन देकर 5 विकेट झटके । वहीं कर्नल मिश्र स्कूल के समर ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए। बेस्ट बैट्समैन- दीपक गुप्ता (कर्नल मिश्र स्कूल साउथ सिटी) बेस्ट बॉलर- अंश सिंह( एस. आर. स्कूल सीतापुर रोड ) बेस्ट आल-राउंडर - कुमार अभिनव (एस. आर. स्कूल सीतापुर रोड ) प्रतियोगिता का समापन व पुरुष्कार वितरण, मुख्य अतिथि डॉ प्रीति बाजपेई जी ( पूर्व फॉर्मर डीन बिरला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, दुबई) टी. एन. मिश्र जी, संस्थापक कर्नल एस.एन.मिश्र ओबीई, अध्यक्ष बी.एस. एन.वी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन के द्वारा किया गया। समापन समारोह में स्कूल के संस्थापक प्रीति शुक्ला, प्रधानाचार्या मति पूजा सिंह जी , टूर्नामेंट सेक्रेटरी आलोक भारद्वाज भी उपस्तिथ होकर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और शुभाशीष वचन दिए।

### नाबालिक बच्चों ने दी थी मेट्रो में बम की सूचना

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। मेट्रो में बम की सूचना देने का मामला सामने आया, जो झूठी निकली। चारबाग और आलमबाग मेट्रो स्टेशनों पर बम होने की सूचना दी गई थी। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल जांच अभियान चलाया। सर्विलांस की मदद से जांच में पता चला कि यह सूचना तीन नाबालिग दोस्तों ने दी थी, जो लखनऊ के रहने वाले हैं। उनका फोन नंबर ट्रेस करके यह खुलासा हुआ। चूंकि बच्चे नाबालिग थे, उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। हालांकि, इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया, और स्टेशनों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस तरह की घटनाओं से सुरक्षा एजेंसियों को समय और संसाधनों की बर्बादी होती है, इसलिए अधिकारियों ने भविष्य में ऐसी हरकत न करने की सख्त हिदायत दी।

### योगी सरकार का बच्चों के लिए एक अहम कदम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। सोमवार को योगी सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) विद्यालयों में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम: इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा। नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास: इन गतिविधियों से बच्चों के अंदर निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व के गुण विकसित होंगे। वार्षिकोत्सव का आयोजन: 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक वार्षिकोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सरकार का यह कदम बच्चों की शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय है। इस पहल से बच्चों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा मिलेगा।

# पण्डित बेअदब लखनवी व आनन्द श्रीवास्तव को मिली विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सुप्रसिद्ध भास्कर साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में अलीनगर सुनहरा, कृष्णानगर, लखनऊ स्थित एस एस डी पब्लिक स्कूल के मानव धर्म मन्दिर प्रांगण में संस्था के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार यदुनाथ सुमन ने की। अमलेश अमल मुख्य अतिथि, शिवनाथ सिंह शिव विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ शायर डॉ एल पी गुर्जर व कवयित्री डॉ कुसुम चौधरी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा सरस्वती माँ के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ प्रेम शंकर शास्त्री बेताब के कुशल संचालन एवं सुमधुर वाणी वन्दना से हुआ। डॉक्टर प्रेम शंकर शास्त्री बेताब ने पढ़ा -पकड़कर हाथ की चलना जो सिखाता है। पण्डित बेअदब लखनवी ने पुलिस विभाग के जांबाजों पर फख्र जताते हुए पढ़ा - निकलते रातों में काली, जो सीना तानकर यारों। है उनकी बात मतवाली, जो जीना जानते यारों।। शिवनाथ सिंह शिव ने पढ़ा - सबको मिले सम्मान, ऐसा मंत्र चाहिए। होवे नहीं अन्याय, ऐसा तंत्र चाहिए।। न धर्म भाषा की हो बंदिशें। जनतंत्र की सेवा का मूल मंत्र चाहिए।। श्रीमती शोभा सहज ने पढ़ा - कभी तेरी आँखों में सपने नहीं आते हैं। डॉ राम राज भारती ने पढ़ा - सज्जनों के साथ मीठे, दो बोल जिन्दगी है। उन्होंने डॉक्टर साहब दीन दीन को 21वीं शदी का कबीर बताया। डॉक्टर कुंवर आनन्द श्रीवास्तव ने पढ़ा - यूँ वक्त बेवक्त मेरे घर पर मत आइयेगा। नीतू आनन्द श्रीवास्तव ने पढ़ा - वक्त रहते सज़र इक लगा लीजिए, हो कड़ी धूप पर छांव मिलती रहे। अशोक विश्वकर्मा गुंजन ने पढ़ा -सबको जाना एक दिन, पहले या फिर बाद। ऐसा कर लो कार्य तुम, याद करे संसार। कन्हैया लाल जायसवाल ने पढ़ा -बात का कितना पड़े प्रभाव, स्वजन का लगता नहीं अभाव। चन्द पल हो या लम्बी भेंट, बना लेती है दिल में ठाव। शायर अनिल चौधरी ने पढ़ा - वक्त बदलेगा ये हालत बदल जाएंगे। लोग बदलेंगे ख़यालात बदल जाएंगे।। कृष्ण कुमार मौर्य सरल ने पढ़ा - गंगा जमुना की रवानी नहीं बचा पाए। अपने पुरखों की निशानी नहीं बचा पाए।। चांद पर पानी ढूंढ़ने की होड़ है लेकिन। हम अपनी आँखों का पानी नहीं बचा पाए।। अमलेश अमल ने पढ़ा - दर्द हो जाता है दूर जब भी वो हुआ करती है, मर के भी जो जीवन दे दे, वो माँ ही हुआ करती है। इनके अतिरिक्त मंचस्थ डॉ एल पी गुर्जर, डॉ कुसुम चौधरी, यदुनाथ सुमन, व लखनऊ शहर के डॉ गोबर गणेश, डॉ अरविंद रस्तोगी, डॉ अर्श लखनवी, देवेंद्र पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश रावत, मुकेशानन्द, डॉ शरद पाण्डेय शशांक, डॉ अल्का अस्थाना, पवन कुमार जैन, रामानन्द सैनी, डॉ राकेश प्रताप सिंह, डॉ साहब दीन दीन, श्रीमती मंजू सैनी आदि ने भी सुन्दर काव्य पाठ किया। समारोह के मध्य पण्डित बेअदब लखनवी व आनन्द श्रीवास्तव को विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ, भागलपुर, बिहार द्वारा विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की गई। समारोह में उपस्थित समस्त साहित्यकारों माल्यार्पण के साथ साहित्य भास्कर सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

# इवेंट का पैसा मांगने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा में बीते दिनों शादी समारोह में इवेंट का मेहनताना मांगने पर आयोजक के लोगों द्वारा इवेंट कर्मियों से गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। इस पर पीड़ित ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजधानी की भरत नगर, सीतापुर रोड निवासी रामजी राय के मुताबिक वह बीते 15 वर्षों से माइलस्टोन इवेंट मैनेजमेंट लिमिटेड में कार्यरत है। उसका कहना है कि बीती 27 और 28 नवंबर को उसका इवेंट बंथरा के रमाडा होटल में था और कंपनी द्वारा संजय राम राय के पुत्र की शादी का इवेंट करा रहे थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बकाया 2 लाख रुपए मांगने गए तो उनकी बेटी कोमल व अन्य लोगों ने पीड़ित के सहकर्मियों द्वारा पैसा मांगने पर देने से मना कर दिया। साथ ही गाली गलौज करते हुए महिला सहकर्मियों के साथ भी अभद्रता की। आरोप है कि 25 - 30 लोग झुंड बनाकर हमारे कर्मचारी कुशल मोंगा को मारने लगे और जान से मारने की कोशिश की। जिससे वह चोटिल हो गया। जानकारी मिलने पर मैंने पहुंचकर बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने मेरे साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने चोटिल कुशल मोंगा को पास के प्रसाद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंस आफ कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि कुशल मोंगा का मस्कुलर टियर और लिंगामेंट फट गया है। उसे 3 महीने तक बेड रेस्ट करना होगा। आराम न मिलने पर ऑपरेशन का परामर्श दिया। जिसका खर्च 3 लाख रुपए बताया। फिलहाल बंथरा पुलिस ने रमाशंकर राय की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

# बेखौफ चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना,लाखों के गहने और हजारों की नगदी पार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने रविवार रात काशीराम कॉलोनी के चार बंद घरों के ताले तोड़कर लाखों के गहने और हजारों की नगदी चोरी कर ली। चोरों ने यहां एक अन्य घर का भी ताला तोड़ा, लेकिन अंदर सो रहे घर वालों की वजह से कामयाब नहीं हुए। सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी कुलदीप कनौजिया कॉलोनी के ब्लॉक 41 में रहकर परचून सामान के सेल्समैन का काम करते है। उनकी मां बीमार होने के कारण कुलदीप दो दिन पहले घर में ताला बंद कर अपनी पत्नी बिंदु कनौजिया के साथ मां का इलाज कराने सीतापुर गए थे। इसी तरह ब्लॉक 41 निवासी अमरनाथ मजदूरी करते हैं। वह बीते 5 दिनों पहले उन्नाव के कालूखेड़ा में अपने छोटे भाई की शादी समारोह में शामिल होने पत्नी प्रीति के साथ गए थे। इसी प्रकार ब्लॉक 14 में रहने वाले संजू गोमती नगर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह अपनी पत्नी रंजीता के साथ कभी-कभी गोमती नगर स्थित किराए के घर में ही रुक जाते हैं। संजू भी ताला बंद कर दो दिनों से गोमती नगर में ही है। रविवार रात चोरों ने सभी बंद मकान के ताले तोड़ दिए। पड़ोसियों ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी पीड़ितों को दी। तब कुलदीप और अमरनाथ ने घर पहुंच कर वहां का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। कुलदीप के मुताबिक चोर घर से करीब ढाई लाख रुपए कीमत के गहने बटोर ले गए। इसी तरह अमरनाथ के मुताबिक घर से अलमारी तोड़कर चोरों ने करीब 25 हजार रुपये कीमत के गहने और 15 हजार रुपये की नगदी पार कर दी। संजू के घर से कितना सामान चोरी हुआ इसका पता नहीं चल सका है। क्योंकि संजू गोमती नगर से अभी तक वापस घर नहीं पहुंचे। इसके अलावा ब्लांक 18 में रहने वाली एक महिला पिछले कई दिनों से घर में ताला बंद कर तेलीबाग स्थित एक निजी अस्पताल में अपनी मां का इलाज करा रही है। वह भी अभी तक वापस घर नहीं लौटी। जिससे उक्त दोनों घरों में कितना सामान गया, इसका पता नहीं चल सका है। इसके अलावा बैटरी रिक्शा चला कर पेट पालने वाले बबलू के घर का मुख्य दरवाजा गड़बड़ होने के कारण उन्होंने उसमें बाहर से ताला बंद कर रखा है। जबकि गैलरी वाले दरवाजे का इस्तेमाल करते हैं। चोरों ने इनके मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। लेकिन बबलू और उनकी पत्नी बबीता घर के अंदर सो रही थी। जिसकी वजह से चोरों को यहां से दबे पांव वापस लौटना पड़ा। सोमवार सुबह घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद पीड़ितों की तहरीर पर चोरों का पता लगाने के लिए आसपास टीवी फुटेज खंगालने में जुट गयी है। हालाकि सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने ऐसी किसी जानकारी से इनकार किया है।

## बांग्लादेशी हिन्दुओं पर अत्याचार होने पर विरोध प्रदर्शन 10 दिसम्बर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

लखनऊ। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार, नृशंस हत्याओं, मन्दिरों पर हमले आदि पर विरोध प्रगट करने हेतु बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति, लखनऊ के तत्वावधान विरोध प्रदर्शन 10 दिसम्बर 2024 को लखनऊ विश्वविद्यालय में किया गया है जिसमें विभिन्न संगठनों तथा संस्थाओं के द्वारा समर्थन किया जा रहा है। मानवाधिकार जनसेवा परिषद तथा हिन्द साम्राज्य पार्टी के सदस्य भी विरोध प्रदर्शन में शामिल रहेंगे। मानवाधिकार जनसेवा परिषद तथा हिन्द साम्राज्य पार्टी के द्वारा नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन हेतु 10 दिसम्बर 2024 को अपराह्न 2.00 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय मैदान में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता करें। हिन्द साम्राज्य पार्टी के अध्यक्ष कुलदीप तिवारी तथा मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने भारत सरकार द्वारा विदेश सचिव को बांग्लादेश भेजे जाने की सराहना करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि डिप्लोमेटिक ढंग से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न रुकें तो जल्दी ही कोई कड़ी कार्यवाही की जाए, बांग्लादेश पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं और इस विषय को विश्व मानवाधिकार आयोग तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष उठाया जाए और फिर भी अगर बांग्लादेशी हिन्दुओं पर अत्याचार व मंदिरों में तोड़फोड़ को नहीं रुकता है तो भारत सरकार द्वारा बांग्लादेशी हिन्दुओं की रक्षा हेतु सैन्य कार्यवाही भी की जाए तथा बांग्लादेशी हिंदुओं को सुरक्षित किया जाए। उक्त जानकारी आज रूप कुमार शर्मा अध्यक्ष मानवाधिकार जनसेवा परिषद, लखनऊ तथा कुलदीप तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्द साम्राज्य पार्टी ने उपलब्ध कराई।

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित



# संपादकीय

## दुनिया में भारत की बढ़ती अहमियत

डा. जयंतीलाल भंडारी

**वाणिज्य मंत्रालय के थिंक टैंक का उपयोग मौजूदा मुक्त व्यापार समझौता वार्ताओं की मदद के लिए विशेष सेल बनाने में किया जाना होगा। साथ ही एफटीए को आसान बनाया जाना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय एफटीए पर वार्ताओं और मानक परिचालन प्रक्रियाओं को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ हुई बैठक के बाद नए दिशा-निर्देशों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की शीघ्र मंजूरी जरूरी है**

यकीनन दुनिया में भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ने के एक के बाद एक नए-नए परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 से 21 नवंबर तक ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के पांच दिवसीय दौरे के दौरान जहां जी-20 शिखर सम्मेलन में भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता विषय पर प्रभावी संबोधन दिया, वहीं नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं की। यह भी महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ की गई 31 द्विपक्षीय और अनौचारिक वार्ताओं में भारत का रणनीतिक महत्व उभरकर दिखाई दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विदेश दौरों में द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की रणनीति लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खास तौर से पिछले छह महीनों में इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय दिखाई दिए हैं। गत 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत की अहमियत दिखाई दी है। इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद रही हैं। रत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष 2023 में भारत में जी-20 शिखर बैठक के समय की गई थी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि गत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। यह बात महत्वपूर्ण है कि मोदी ने जहां 21 सितंबर को अमेरिका में आयोजित क्वाड लीडर्स सम्मेलन में भाग लेकर इस संगठन की भारत के लिए उपयोगिता बढ़ाई, वहीं 22 सितंबर को न्यूयार्क में मोदी और जो बाइडेन के बीच हुई बातचीत में कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। इसी प्रकार 10 अक्टूबर को लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रमकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। उल्लेखनीय है कि रूस के कजान में 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का भारत ने रणनीतिक लाभ लिया। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। मोदी ने इस वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं। निस्संदेह दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और भारत का रणनीतिक महत्व लगातार बढ़ रहा है। 22 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 'न्यूज-9 ग्लोबल समिट' को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को स्वीकार कर रही है और यह पिछले 10 वर्षों में अपनाए गए 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' मंत्र के कारण संभव हुआ है। 21वीं सदी में तीव्र विकास के लिए भारत में प्रगतिशील और स्थिर नीति-निर्माण की व्यवस्था लाई गई, लालफीताशाही हटाई गई एवं जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के रूप में एक कुशल कर प्रणाली शुरू की गई है। भारत ने बैंकों को मजबूत किया, ताकि विकास के लिए समय पर पूंजी उपलब्ध हो सके। मोदी ने कहा कि देश के तेज विकास के लिए भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया गया है। वस्तुत- जर्मनी का 'फोकस ऑन इंडिया' दस्तावेज इसका एक उदाहरण है। यह दस्तावेज दिखाता है कि दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को कैसे स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी ने इस वर्ष 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज हाल ही में अपनी तीसरी भारत यात्रा पर आए थे, जो दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अब भारत को आर्थिक दुनिया की नई शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। जहां अमेरिका और रूस भारत को एक जैसा महत्व दे रहे हैं, वहीं सभी महत्वपूर्ण वैश्विक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत मिल रही है। जहां डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद भारत से मित्रता बढ़ाने की बात कही है, वहीं 10 नवंबर को रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भारत के बढ़ते आर्थिक कद को स्वीकार करते हुए भारत को वैश्विक महाशक्ति कहा और भारत से मैत्रीपूर्ण संबंधों की जमकर तरफदारी की है। निश्चित रूप से ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। आगामी जनवरी 2025 में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से ऊर्जा की कीमतों पर लगाम लगेगी और ऐसे में भारत की जीडीपी में तेज वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद ट्रंप चीन पर 60 फीसदी तक टैरिफ शुल्क बढ़ा सकते हैं। ट्रंप प्रशासन के तहत चीन के साथ व्यापार युद्ध (ट्रेड वार) के तेज होने के आसार हैं। चूंकि अमेरिका के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी करीब 14 फीसदी है, ऐसे में अमेरिका में चीन से आयात में कमी आने से अमेरिका के बाजार में भारत से निर्यात बढ़ाने का बड़ा मौका मिलेगा। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद चीन प्लस वन रणनीति के तहत भारत के वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में आगे बढने् के मौके होंगे। यद्यपि दुनिया में भारत का रणनीतिक-आर्थिक महत्व बढ़ रहा है, लेकिन इसे ऊंचाई देने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को लॉजिस्टिक लागत घटानी होगी। मेक इन इंडिया को अधिक कारगर बनाना होगा। शोध एवं नवाचार पर व्यय बढ़ाना होगा। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाना होगी। ई-कॉमर्स निर्यात हब को तेजी से क्रियाशील करना होगा। वाणिज्य मंत्रालय के थिंक टैंक का उपयोग मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ताओं की मदद के लिए विशेष सेल बनाने में किया जाना होगा। इन सबके साथ-साथ एफटीए को आसान बनाया जाना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय एफटीए पर वार्ताओं और मानक परिचालन प्रक्रियाओं (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी एसओपी) को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ एक हुई बैठक के बाद अब नए दिशा-निर्देशों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की शीघ्र मंजूरी जरूरी है। हम उम्मीद करें कि इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते हुए आर्थिक-रणनीतिक महत्व का लाभ जहां द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने में मिलेगा, वहीं भारत दुनिया के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगा। भारत का भविष्य उवल लगता है।

# अडानी के बचाव में बीजेपी ने सारे घोड़े खोल दिए हैं



आलेख ः रविंद्र पटवाल




यह एक ऐसा मुद्दा बनता जा रहा है, जिस पर देश में एक ऐसी जंग छिड़ गई है, जिसका कोई ओर-छोर नजर नहीं आ रहा। भारतीय मीडिया और संसद के भीतर सरकार के रुख को देखकर तो सहसा यही यकीन होता है कि हिंडनबर्ग के खुलासे की तरह इस बार भी मोदी सरकार अडानी समूह को संकट से बाहर निकालने में कामयाब होने जा रही है। लेकिन तस्वीर का यह सिर्फ एक पहलू है, जिसे देशी सरजमीं पर जमकर स्पिन दिया जा रहा है, लेकिन हकीकत तो यह है कि दुनिया भर में अडानी के कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खूब चर्चा हो रही है, जिसका सीधा संबंध भविष्य में विदेशी निवेश से जुड़ा हुआ है। इस बार जब अमेरिकी अदालत की ओर से अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी सहित 8 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप निर्धारित करने की बात आई, जिसमें अमेरकी गुप्तचर एजेंसी एफबीआई पहले ही सागर अडानी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी थी और उनके लैपटॉप और फोन से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर चुकी है, तो उस मामले पर भारत में चर्चा से मोदी सरकार आखिर कहाँ तक बच सकती है। इस खुलासे के चार दिन बाद बीजेपी के एक प्रवक्ता की ओर से बयान जारी कर बताया गया था कि बीजेपी और सरकार अडानी के बचाव में नहीं आने वाली है और उन्हें अपने बचाव में खुद जो करना है, उसके लिए वे स्वतंत्र हैं। उसी शाम से अडानी समूह की ओर से आधिकारिक बयान, और अगले दिन सुबह देश के दो बड़े वकीलों के बयानों को बड़े पैमाने पर जारी कर सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट में हजारों करोड़ रुपये की कथित घूस मामले को ख़ारिज किया गया और पूर्व सोलिसिटर जनरल मुकुल रोहतगी के बयानों को सुर्ख़ियों में लाकर अडानी के शेयरों में जो 30त्न तक की गिरावट आ चुकी थी, उसमें वापस तेजी का दौर शुरू करने में यह मेहनत रंग लाने लगी। लेकिन इसके साथ ही संसद का शीतकालीन सत्र भी शुरू होना था। संसद में यदि अडानी पर अमेरिकी अदालत के समन पर सरकार चर्चा के लिए राजी हो जाती, तो संभवत: अडानी समूह एक बार फिर से चर्चा में आ जाता। बहुत संभव है कि जिन तथ्यों के खुलासे की वजह से अडानी समूह के शेयर 4 दिन में 30त्न तक घट गये थे, संसद में चर्चा और सनसनी से ये बातें आम लोगों तक पहुंच सकती थी। यही नहीं, अडानी समूह और पीएम नरेंद्र मोदी की दोस्ती और विदेशी ठेकों में अडानी को कॉन्ट्रैक्ट मुहैय्या कराने में प्रधानमंत्री की भूमिका को लेकर विपक्ष एक ऐसा नैरेटिव बनाने में कामयाब रहता, जो बीजेपी के भविष्य पर कालिख पोत सकता था। इसी को मद्देनजर रखते हुए संसद के शीतकालीन सत्र का पहला हफ्ता अडानी के मुद्दे को उठाने के साथ ही रोज स्थगित होता गया। भारतीय संसदीय इतिहास में यह शायद पहला अवसर होगा, जब विपक्ष हंगामा करे, उससे पहले ही दोनों सदन के सभापति अडानी नाम का उच्चारण सुनते ही सदन की कार्रवाई को स्थगित कर देने के लिए तत्पर दिखे। ऐसा जान पड़ता है कि जैसे उन्हें स्पष्ट आदेश हो कि इस नाम को किसी भी हाल में संसद के भीतर उच्चारित करने की अनुमति नहीं देनी है। और यहीं से पता चलता है कि बीजेपी की कथनी और करनी में कितना अंतर है। भाजपा प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल का यह बयान, अडानी को अपने बचाव में खुद पहल करनी होगी, भाजपा उनके बचाव में आगे नहीं आएगी, दो दिन भी नहीं टिक पाया। संसद को पूरे सप्ताह भर सिर्फ अडानी के मुद्दे पर न चलने देने की पहल कर भाजपा और एनडीए सरकार किसे बेवकूफ बना रही है? लेकिन बीजेपी यहीं तक सीमित रहती, तो गनीमत थी। जब उसने देखा कि विपक्ष संसद में गतिरोध को देखते हुए संसद के बाहर %अडानी-मोदी एक हैं% के पोस्टर अपनी पीठ पर चिपकाकर इस मुद्दे को हवा दे रही है, तो उसकी ओर से जवाबी रणनीति में जो नैरेटिव गढ़ा गया है, वह बेहद हैरान करने वाला है, जिसके निहितार्थ और परिणाम दोनों काफी घातक हो सकते हैं। एक तरफ तो भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उच्च कोटि का गद्दार करार दिया जा रहा है, जो बताता है कि अडानी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष के अड़ियल रुख से भाजपा किस कदर बौखलाई हुई है। दूसरा उससे भी हैरतअंगेज है भाजपा की ओर से अडानी के बचाव में एक काउंटर-नैरेटिव को गढ़ने में, जिसमें उसकी ओर से दावा किया गया है कि यह सब अमेरिकी स्टेट और डीप स्टेट + ओसीसीआरपी (संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) + राहुल गांधी का किया-धरा है। साधारण शब्दों में कहें तो, भारत की तरक्की से नाखुश अमेरिकी डीप स्टेट (बीजेपी के हिसाब से जॉर्ज सोरोस और ) के द्वारा संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट को फंडिंग की जाती है, जो अडानी को बदनाम करने के लिए खबरें गढ़ता है, जिसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा हाथों-हाथ लिया जाता है, और अडानी पर हमला कर असल में विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ मुहिम चलाकर देश को कमजोर करने की साजिश का हिस्सा बन रहा है। इस संबंध में बीजेपी की ओर से एक ट्वीट की श्रृंखला तैयार की गई है, जिसमें संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की खबरों की कटिंग लगाकर समझाने का प्रयास किया गया है कि कैसे इसकी खबरों को कांग्रेस नेतृत्व के द्वारा हाथोंहाथ लेकर असल में अमेरिकी डीप स्टेट के हाथों खेलने का काम किया जा रहा है। बीजेपी की ओर से जारी ओपनिंग रिमार्क में ही लिखा है कि पिछले चार वर्षों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने जिन भी मुद्दों पर भाजपा को घेरने की कोशिश की है, वे सभी विदेशों से उत्पन्न होने वाले नैरेटिव और सहायक सामग्री के आधार पर तैयार किये गये हैं। उदाहरण के लिए पेगासस, अडानी, जाति जनगणना, 'डेमोक्रेसी इन डेंजर', ग्लोबल हंगर इंडेक्स, धार्मिक स्वतंत्रता और प्रेस स्वतंत्रता जैसे मुद्दे – – सभी अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से बड़े पैमाने पर आकर्षित होते हैं। भाजपा की ओर से इस डीप स्टेट को अमेरिका से जुड़ा बताया गया है, जिसका स्पष्ट लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाकर भारत को अस्थिर करना बताया गया है। उसके अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए डीप स्टेट के द्वारा संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की ओर रुख किया गया और पीएम मोदी और भारत की छवि को खराब करने के लिए इस संगठन को सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए गये। कांग्रेस ने तब इस सामग्री का इस्तेमाल पीएम मोदी पर हमला करने, झूठे नैरेटिव का प्रचार करने और संसद की कार्यवाही को बाधित करने में इस्तेमाल किया। इसके बाद पंचलाइन में बीजेपी का कहना है कि अमेरिकी डीप स्टेट इस दौरान हमेशा पर्दे के पीछे से काम कर रहा था। ट्वीट की इस लंबी श्रृंखला के अंत में भाजपा ने निष्कर्ष के तौर पर लिखा है, डीप स्टेट एक बुरी बला है जिसने विनाश के अलावा कुछ नहीं लाया है। इस ट्वीट में बाकायदा डायग्राम बनाकर समझाया गया है कि कैसे ये पूरा चक्र काम करता है। हैरानी की बात यह है कि डीप स्टेट और अमेरिकी सरकार को एक साथ दिखाया गया है, जो बताता है कि भाजपा का मीडिया प्रभाग काउंटर नैरेटिव की रौ में काफी आगे बढ़ चुका है। मजे की बात यह है कि इस पूरे ट्वीट में एक भी बार अमेरिकी ग्रैंड जूरी के द्वारा अडानी समूह के द्वारा पांच भारतीय राज्यों के अधिकारियों और सरकारों को घूस देने की पेशकश के खिलाफ समन का जिक्र तक नहीं किया गया है। बता दें कि अमेरिकी अदालत में अडानी समूह के मालिकान को इस समन के जवाब में या तो अपनी ओर से सफाई पेश करनी होगी या फिर अपराध कुबूल कर भारी पेनाल्टी चुकता करनी होगी। इन दोनों ही सूरत में भले ही अडानी का नाम भाजपा देश में बदनाम होने से बचा ले जाए, लेकिन भविष्य में पश्चिमी देशों से निवेश की संभावना काफी कमजोर हो जाने वाली है। जहां तक संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट का प्रश्न है, की फंडिंग में यूनाइटेड नेशन डेमोक्रेसी फंडिंग का शुरूआती योगदान रहा है, जिसे भारत सरकार की ओर से फंडिंग की जाती रही है। भारतीय मीडिया पोर्टल %द प्रिंट% के मुताबिक, वर्ष 2022 में भारत के द्वारा यूएन डेमोक्रेसी फंडिंग को 1.50 लाख डॉलर की सहायता की गई थी। अब तक भारत 32 मिलियन डॉलर की फंडिंग इस संस्था को कर चुका है, और तीसरा सबसे बड़ा दानदाता है। (https://theprintÐin/world/india-contributes-usd-vz®®®®-to-un-democracy-fund/~®y{}|/) इस प्रकार कह सकते हैं कि जिस संस्था को भारत की मोदी सरकार वित्तपोषण करती है, वो विभिन्न देशों के पत्रकारों के समूह, संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट, का वित्तपोषण कर असल में अमेरिकी डीप स्टेट की मदद और भारत के खिलाफ काम कर रही है? है न विरोधाभासों से भरा बीजेपी का नैरेटिव! उल्टा, दुनिया भर के देश तो यह देख कर हैरान हो रहे होंगे कि जिस मुद्दे पर अमेरिकी अदालत और नामचीन अख़बार चर्चा कर रहे हैं, उस बारे में भारतीय सरकार आखिर क्यों अपने देश में जांच नहीं करा रही है? जांच तो बड़ी बात है, संसद में विपक्ष के द्वारा अडानी मुद्दे पर चर्चा की मांग उठाने पर संसद को ही स्थगित कर दिया जा रहा है। ऐसे देश में यदि निवेश भी कर दिया जाये, तो क्या गारंटी है कि कल इन क्रोनी पूंजीपतियों के दबाव में विदेशी पूंजी या उद्योग को भारी नुकसान न उठाना पड़ जाये? ये वे सवाल हैं, जो 1991 से उदारीकरण की पूरी पहल पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाले हैं। लोग तो अब यहां तक कहने लगे हैं कि रूस में भी पुतिन के शासन में क्रोनी पूंजी को खुलेआम बढ़ावा दिया गया, लेकिन वहां पर भी भारत की तरह एक-दो क्रोनी पूंजीपति की जगह कई क्रोनी पूंजीपति अपना वजूद रखते आये हैं। यह स्थिति भारत में विदेशी पूंजी निवेश की संभावना पर सबसे बड़ा रोड़ा साबित होने जा रहे हैं। इस वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी की रफ्तार अनुमानित 7त्न से घटकर 5.4त्न हो चुकी है, जो आरबीआई को अपने अनुमानित 7.2त्न ग्रोथ रेट से 6.5त्न पर आने के लिए मजबूर कर चुकी है। कई अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने का सपना भी 2027 से खिसककर 3 साल आगे जा चुका है। लेकिन अब जब दुनिया इस नए यथार्थ से ऊभ-चूभ हो रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और राजसत्ता पूरी तरह से एक-दो भारतीय पूंजीपतियों की चाकरी कर रही है, तो ऐसे में उनके लिए भारतीय बाजार में निवेश हाई रिस्क की श्रेणी में चला जाता है। इस नयी रौशनी में भारतीय अर्थव्यवस्था का क्या हाल होने जा रहा है, इसके बारे में अभी कयास लगाना शेष है।




**मेष**:- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ**:- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन**:- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क**:- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह**:- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या**:- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला**:- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक**:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु**:- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर**:- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ**:- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन**:- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# महाराष्ट्र के मारकडवाडी गांव की लड़ाई दूर तक जाएगी

शकील अख्तर

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में मालशिरास विधानसभा का मारकडवाडी गांव दुनिया भर में लोकतंत्र बचाओ और ईवीएम के विरोध का प्रतीक बन गया। रविवार को यहां शरद पवार ने पहुंच कर ग्रामीणों के ईवीएम के बदले मतपत्र से खुद वोटिंग करके सच्चाई सामने लाने के अनोखे अभियान का समर्थन किया। वे उस प्रदर्शन में शामिल हुए जो जल्दी ही देश भर में एक स्वतरूस्फूर्त आन्दोलन का रूप लेता दिख रहा है-श्ईवीएम हटाओ लोकतंत्र बचाओश् ईवीएम ने जो हाल फिलहाल दो राज्यों में अविश्वसनीय नतीजे दिए हैं उसके बाद महाराष्ट्र में उसके खिलाफअपने आप जनता का आंदोलन खड़ा होना बताता है कि लोग अब वोट किसी को जीत किसी की को मानने को तैयार नहीं हैं। होना भी चाहिए। ऐसा कैसे हो सकता है कि आप किसी को एक रुपया दो और वह उसके बदले सामान किसी दूसरे को दे दे! आप कैसे स्वीकार करोगे?महाराष्ट्र में आंदोलन शुरू हो चुका है। वहां के विपक्षी विधायकों ने भी विधानसभा सदस्य की शपथ लेने से इनकार कर दिया। शरद पवार की एनसीपी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस के सदस्यों ने महाराष्ट्र के नतीजों को स्वीकार करने से मना कर दिया। बहुत बड़ा मैसेज है। देश में नहीं दुनिया में चला गया कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। यहां की जनता का विश्वास पूरी तरह से ईवीएम से हट गया है। जनता वापस मतपत्र से मतदान की मांग करने लगी है। हरियाणा में इससे भी अविश्वसनीय नतीजे आए थे। महाराष्ट्र में तो फिर भी मुकाबला कांटे का, बराबरी का, थोड़ी लीड बताया जा रहा था। एक्जिट पोल भी इकतरफा नहीं थे। लेकिन हरियाणा में तो कांग्रेस की इकतरफा जीत बताई जा रही थी। यहां तक कि बीजेपी भी अपने जीत के दावे नहीं कर रही थी। एक्जिट पोल तो सब हंड्रेड परसेन्ट कांग्रेस की बड़ी जीत का ऐलान कर रहे थे। मगर वहां भाजपा ने सरकार बना ली। और कांग्रेस के नेता वैसे ही लड़ते रहे जैसे चुनाव के समय लड़ रहे थे। जनता में आक्रोश था मगर कांग्रेस के नेताओं में नहीं। ऐसा लग रहा था कि वे अपनी हार से खुश हैं। जैसा मारकडवाडी में हुआ कि वहां जीता हुआ शरद पवार का विधायक आंदोलन के साथ आया। बिना राजनीतिक नेतृत्व के लोगों को हौसला नहीं मिलता है। मगर हरियाणा में कांग्रेस के नेता चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बनने के लिए लड़ रहे थे। और अब विपक्ष का नेता कौन बनेगा, कौन नहीं इस पर। कांग्रेस हाईकमान हरियाणा पर कोई एक्शन नहीं ले पा रही है।

मान लिया कि चुनाव ईवीएम ने हरा दिया। तो फिर वहां महाराष्ट्र की तरह जनता की आवाज को बल देने का काम क्यों नहीं किया? ईवीएम के अलावा हरियाणा में कोई और दोषी है भी या नहीं? कांग्रेस ने कहा था कि हरियाणा की हार की जांच एक फैक्ट फाइडिंग कमेटी करेगी। क्या हुआ। दो महीने हो गए हैं। 60 दिन नतीजे आए हुए। कोई कारण नहीं पता। किसी पर कोई एक्शन नहीं। और जनता दुखी होकर, निराश होकर चुप बैठ गई उसकी आवाज कि वोट तो कहीं और दिया था पहुंचा कहीं और खामोश हो गई। हरियाणा में कांग्रेस हाईकमान किससे डरता है, किसे पता? इससे पहले ठीक इन्हीं कारणों गुटबाजी से कांग्रेस राजस्थान हारी थी। मगर वहां भी कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इस तरह राज्यों के नेताओं से डर-डर कर पार्टी चलाने से कांग्रेस किस तरह मजबूत होगी पता नहीं।

अभी सीडब्ल्यूसी में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बोल दिया कि हमारे ही लोग खुद पार्टी को हरवाते हैं। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं। खरगे अगर अपनी बात नहीं सुने जाने पर अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी दे दें तो भी किसी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आखिर राहुल गांधी ने 2019 में दिया ही था। मगर कांग्रेसियों की गुटबाजी, काम न करने, दूसरे को करने न देने पर कोई असर नहीं हुआ था। भगवान की बात सबसे ज्यादा भाजपा वाले करते हैं। मगर पता नहीं उनकी पार्टी वह चलाता है या नहीं लेकिन यह पक्का है कि कांग्रेस को ऊपर वाला ही चलाता है। केवल पिछले दो सालों में ही हुए 17 राज्यों के हुए विधानसभा चुनावों में से 13 कांग्रेस बुरी तरह हारी है। लेकिन कहीं कोई जिम्मेदारी तय नहीं। खैर! कांग्रेस की कहानी तो अनंत है। हरि अनंत हरि कथा अनंता! बात मरकडवाडी की हो रही थी। जो उम्मीदों का केन्द्र है। वहां क्या हुआ इसे पहले थोड़ा समझ लेना जरूरी है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को जब वोट डाले गए तो उसके पश्चिम में बसे सोलापुर जिले के मालशिरास विधानसभा क्षेत्र के मरकडवाडी गांव में भी लोगों ने मतदान किया। मगर 23 नवंबर को जब गिनती हो रही थी तो गांव को लोग चौंक गए। उन्होंने करीब-करीब शत प्रतिशत वोट एनसीपी शरद पवार पार्टी के उत्तमराव जानकर को दिए थे। वे चुनाव जीते भी मगर उनके गांव के वोट बता रहे थे कि वह महायुति के पक्ष में गए हैं। गांव वाले इस पर विश्वास करने को तैयार नहीं थे। ऐसा अंधेर! उन्होंने मतपत्र से दोबारा वोटिंग करके सच्चाई पता लगाने का निश्चय किया। क्या बुराई थी इसमें? क्या छात्र संसद, युवा संसद नहीं चलाई जाती? मॉक पोल ( नकली वोटिंग) तो मतदान से पहले चुनाव आयोग भी करता है। मतदान वाले दिन सुबह 5 बजे मॉक पोल होता है। प्रत्येक उम्मीदवार के लिए कुछ वोट डाले जाते हैं। फिर इनकी गिनती होती है। गांव वालों ने मॉक पोल के लिए 3 दिसंबर का दिन तय किया। मगर यह क्या सरकार ने गांव में कर्फ्यू लगा दिया, लोगों पर एफआईआर कर दी, गिरफ्तार कर लिया। किस जुर्म में? सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करने के लिए! सरकार ने चुनाव आयोग ने सोचा था मामला दब जाएगा। मगर उस विधानसभा से जीते हुए एनसीपी शरद पवार के उम्मीदवार ने इस्तीफा देने की पेशकश कर दी। शरद पवार वहां पहुंच गए। अब यह अभियान श्ईवीएम हटाओ लोकतंत्र बचाओ ! रुकने वाला नहीं लगता। कहीं जीते हुए विधायक को इस्तीफा देने की पेशकश करते हुए सुना है? हरियाणा में जो भी गुटबाज नेता हैं क्या उनमें से किसी ने कहा कि चुनाव धांधलियों के खिलाफ हम इस्तीफा देते हैं। या हमारे परिवार से अगर कोई जीता है तो वह इस्तीफा देता है!

# हरौनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ व्यक्ति बुरी तरह घायल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र में सोमवार शाम हरौनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। सूचना के बाद पहुंची जीआरपी पुलिस काफी देर तक एंबुलेंस का इंतजार करती रही। लेकिन घंटे भर बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। बंथरा के सहिजनपुर गांव निवासी रामबाबू गौतम उम्र 50 वर्ष चारबाग में मजदूरी करता है। सोमवार शाम वह लखनऊ से कानपुर जाने वाली एलकेएम पैसेंजर ट्रेन से अपने घर लौट रहा था। तभी देर शाम करीब 7 बजे बंथरा स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन पर वह ट्रेन रुकने से पहले ही प्लेटफार्म पर उतरने लगा। इसी बीच उसका पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे चला गया। जिससे उसका दाहिना पैर कट गया और बाएं पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में भी काफी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना के बाद आनन फानन जीआरपी पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद हरौनी रेलवे स्टेशन पर मौजूद जीआरपी चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस 108 पर सूचना दी। लेकिन करीब घंटे भर बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। इसको लेकर मौजूद लोगों में काफी आक्रोश है।

# वर्ल्ड टायलेट डे पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़– संवाददाता हरदोई**



हरदोई। वेणीमाधव विद्यापीठ में वर्ल्ड टायलेट डे-2024 सेलिब्रेशन के तत्वाधान में जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व विशिष्ट अतिथि सौम्या गुरूरानी ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। जूनियर वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वेणी माधव बालिका विद्यापीठ की छात्रा रिमांशी मिश्रा, द्वितीय स्थान एएसवीवी इंटर कॉलेज के छात्र कार्तिकेय शुक्ला तथा तृतीय स्थान वेणीमाधव इंटर कॉलेज की छात्रा नित्या ने प्राप्त किया। तीन छात्रों तान्या, नितिन कुमार बाजपेयी व साक्षी बाजपेई को सांत्वना पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान वेणीमाधव इंटर कॉलेज की छात्रा दिव्याशी मिश्रा, द्वितीय स्थान आर्य कन्या पाठशाला की छात्रा जोया ने तथा तृतीय स्थान रफ़ी अहमद किदवई इंटर कॉलेज के छात्र दीपक ने प्राप्त किया। तीन छात्रों शिवांश दीक्षित, गुल्फिशां व सौम्या सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान वेणीमाधव इंटर कॉलेज की छात्रा सुरभि वर्मा, द्वितीय स्थान आर्य कन्या पाठशाला की छात्रा ऐमन बानो तथा तृतीय स्थान वेणीमाधव इंटर कॉलेज की छात्रा इतिका त्रिपाठी ने प्राप्त किया। तीन छात्रों रिया सिंह, आदित्य सैनी व मोनू गौतम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान वेणी माधव इंटर कॉलेज की छात्रा कोमल, द्वितीय स्थान इसी कॉलेज की छात्रा आराध्या द्विवेदी व तृतीय पुरस्कार आर्य कन्या पाठशाला की छात्रा अनन्या ने प्राप्त किया। तीन छात्रों वैष्णवी, दिव्यांशी मौर्या व साक्षी शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि खुले में शौच को रोकने के लिए सरकार अत्यंत गंभीर है। सरकार व्यक्तिगत शौचालय के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इसके अलावा सामुदायिक शौचालय भी बनाये जा रहे हैं। शौचालय का उपयोग इसके वास्तविक रूप में ही करने के लिए बच्चे समाज को प्रेरित करें। जिनके घर अभी भी शौचालय नहीं है वे व्यक्तिगत शौचालय के लिए आवेदन कर दें। जनपद पूरे प्रदेश में व्यक्तिगत शौचालय में प्रथम स्थान पर रहा है। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि चित्रों के माध्यम से बच्चों ने एक सार्थक सन्देश दिया है। परिवार व समाज में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद ने कहा कि शौचालय की उपयोगिता स्वच्छता व स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जिला पंचायती राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि शौचालय को गन्दा न रखें। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शौचालय का निर्माण हुआ। वेणीमाधव बालिका विद्यापीठ के प्रबंधक मनोज अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## पैसों के लेनदेन को लेकर लाठी डंडों से मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी शिवम रावत ने यहीं के बलसिंह खेड़ा में रहने वाले गोविंद यादव के खिलाफ पैसों के लेनदेन को लेकर जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम का कहना है कि रविवार 8 दिसंबर को गोविंद यादव ने उसके पिता से पैसों के लेनदेन को लेकर बातचीत की। जिसमें उसने उसके पिता से कहा कि तुम्हारे लड़के ने मेरे पैसे लिए थे, जो अभी तक नहीं दिए। शिवम का कहना है कि इस बात को लेकर जब वह गोविंदा के घर उससे बात करने गया तो गोविंद यादव ने उसे जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। बाद में पीड़ित किसी तरह जान बचाकर अपने घर भागा। इस मारपीट से शिवम के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना को लेकर शिवम ने सोमवार दोपहर बिजनौर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।


## संदिग्ध परिस्थितियों में घर से किशोरी लगता, युवक पर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर में रहने वाली 16 वर्षीया किशोरी रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लगता हो गई। खोजबीन के बाद उसके परिजनों ने एक युवक के खिलाफ उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 16 वर्षीय बेटी रविवार तड़के करीब 4 बजे अपने बाबा का मोबाइल देख रही थी। तभी वह उक्त मोबाइल सहित घर से कहीं चली गई। जब उसकी खोजबीन की गई तो खोजने के दौरान पता चला कि पास में ही रहने वाला जोगिंदर भी अपने घर में नहीं है। उसके बाद जोगिंदर की बहन को जानकारी हुई तो उसने इसकी सूचना अपने भाई को दी। जिसके बाद किशोरी ने अपने घर वालों को कॉल कर जोगिन्दर और उसके घर वालों को परेशान ना करने को कहा। पीड़ित महिला का कहना है कि इससे उसे पूरा संदेह है कि उसकी बेटी जोगिंदर के साथ है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी व आरोपी जोगिंदर की तलाश में जुट गई है।

# प्रसिद्ध तीर्थ बाजार में लगे गंदगी के ढेर

➲ पर्याप्त हैंडपंप के अभाव में नहीं उपलब्ध हो पा रही है स्वच्छ पेयजल की सुविधा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। एक तरफ तो सरकार स्वच्छ भारत मिशन को लेकर डंका बजा रही है तो वहीं दूसरी तरफ जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के कार्यालय की नाक के नीचे गंदगी के ढेर व बजबजाती हुई नालियां स्वच्छ भारत मिशन को मुंह चढ़ा रही हैं। वैसे तो नगर पंचायत हरगांव में जगह-जगह पर स्लोगन लिखवा कर स्वच्छ भारत मिशन की ओर बढ़ रही है लेकिन इसके इतर नगर पंचायत की नाक के नीचे व्याप्त गंदगी को ना देख पाना बड़ा ही हास्यास्पद प्रतीत हो रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्थल पर इस प्रकार की गंदगी से नगर पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन को लेकर गलत संदेश आम जनमानस में जा रहा है। हम बात कर रहे हैं आदर्श नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला तीर्थ वार्ड स्थिति पर साप्ताहिक बाजार जो कि तीर्थ बाजार के नाम से प्रसिद्ध है वहां पर नगर पंचायत हरगांव की उदासीनता के चलते इस बाजार में भयंकर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।इस साप्ताहिक बाजार में पहुंचने पर आपको जगह-जगह पर कूड़े के ढेर लगे हुए एवं नालियां बजबजाती हुई नजर आएंगी। इस साप्ताहिक बाजार में स्वच्छ पेय जल के लिए दो इंडिया मार्का हैंड पम्प लगे हुए हैं गौरतलब है गंदगी के बीचो बीच लगे होने के कारण हैंड पंप आम जनमानस के लिए बेकार साबित हो रहे हैं। इस साप्ताहिक बाजार में अत्याधिक भीड़ भाड होती है बावजूद स्वच्छ पेय जल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।आम जनमानस के हितों को दृष्टिगत रखते हुए तीर्थ बाजार में टूटी-फूटी नालियों के मरम्मत करने के साथ-साथ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाए जाने की भी आवश्यकता है। यहां के प्रबुद्ध नागरिकों ने नगर पंचायत हरगांव के जिम्मेदारों से प्रसिद्ध तीर्थ बाजार में व्याप्त गंदगी को दूर कराने के उद्देश्य से प्रभावी कदम उठाने एवं टूटी-फूटी नालियां व सड़क दुरुस्त कराने की मांग करते हुए शुद्ध स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाए जाने की मांग की है।

# मुबारकपुर झींझक में हुआ कांग्रेस का ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**झीझक कानपुर देहात।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को मज़बूत करने के लिए ब्लाक स्तर पर कमेटी गठन किया जा रहा है इसी क्रम में आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी झींझक द्वारा ग्राम पंचायत मुबारक में ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष नरेश कटियार शामिल हुए जहां उनका ब्लाक अध्यक्ष रामजी लाल राजपूत ने जिलाध्यक्ष का फूल माला पहना कर स्वागत किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा वर्तमान समय में सरकार किसानों, मजदूरो, युवाओं के साथ छलावा कर रही है किसानों को समय पर खाद और पानी नहीं मिल रहा है युवाओं को रोज़गार नहीं मिल रहा है महंगाई बहुत ज्यादा है आम आदमी परेशान है कांग्रेस पार्टी आम आवाम की आवाज़ बुलंद कर रही है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य डीपी राठौर, सगीर अहमद, रोहित कटियार, उपेन्द्र शुक्ला, राजेश तिवारी, चंद्रशेखर राजपूत, दीपू राजपूत, वीरेंद्र शुक्ला, बाबू राम कठेरिया, शिवकुमार कठेरिया, राजकुमार राजपूत, राजेश राजपूत, सुरेंद्र राजपूत आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मेडिकल छात्र विपुल बाजवा की मौत के मामले में कॉलेज प्रशासन ने 16 छात्रों को दो माह के लिए किया निलंबित



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा के जुनाब गंज स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंस ऑफ कॉलेज के छात्र विपुल बाजवा (21) की मौत के मामले में कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को 16 छात्रों को दो माह के लिए निलंबित कर दिया है। प्रिंसिपल डॉ. शैलेश यादव ने बताया कि कॉलेज द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट में मृतक विपुल की बैच के ज्यादातर छात्र दोषी पाए गए। उन्होंने बताया कि साथ ही दो छात्र सीनियर और एक जूनियर भी शामिल पाया गया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में किसी भी प्रकार की पार्टी करने की अनुमति नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपुल के साथी मो. फैजल द्वारा अपनी बर्थडे पार्टी आयोजित की गई। इतना ही नहीं नियम के विपरीत पार्टी आयोजित करने के साथ ही कॉलेज परिसर में किसी भी प्रकार का नशा करने करने की अनुमति न होने के बावजूद शराब पार्टी भी की गई। नियम विपरीत यह कार्य किए जाने के आरोप में सभी छात्रों को निलंबित किया गया है और मंगलवार को उनके अभिभावकों को इसकी सूचना दे दी जाएगी। इसके अलावा वार्डन पर भी कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है। उधर बंथरा पुलिस ने अभी भी मृतक विपुल के पिता मुकेश बाजवा द्वारा दी गई तहरीर पर रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। वह विसरा रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। बताते चले कि बीते गुरुवार रात प्रसाद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंस ऑफ कॉलेज में एमबीबीएस के थर्ड ईयर छात्र मो. फैजल द्वारा अपनी बर्थडे पार्टी आयोजित की गई थी। जिसमें शराब पार्टी के दौरान थर्ड ईयर छात्र स्कूल बाजवा ने भी जमकर शराब पी। जिसकी वजह से अगले दिन शुक्रवार सुबह उसकी कॉलेज परिसर में मौत हो गई थी।

## मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर की रुस्तम विहार कालोनी निवासी संदीप चौरसिया ने मोटरसाइकिल (यूपी 32 एलआर 6745) पर सवार अज्ञात लड़कों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संदीप का कहना है कि रविवार देव शाम वह अपने भाई के साथ अपनी बाइक से घर जा रहा था। तभी अंशु मेडिकल के सामने निकट सिपेट चौराहा के पास उक्त मोटरसाइकिल से निकल रहे तीन लड़कों ने उसे थप्पड़ मारा। जब पीड़ित रुका तो आरोपियों ने उसकी वहीं पर गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दी। साथ ही सिर पर ईंट मार दिया। जिससे वह काफी चोटिल हो गया। बाद में आरोपी धमकी देते हो वहां से भाग निकले। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 58 बीज की दुकानों पर की गई छापेमारी

**सिकंदरा कानपुर देहात।** बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से जिले में सात संयुक्त टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने विभिन्न सरकारी और निजी बीज प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की, जिसमें कुल 58 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। छापे के दौरान 36 बीज नमूने एकत्र किए गए और 06 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।जिला कृषि अधिकारी डॉ0 उमेश कुमार गुप्ता और सहायक आयुक्त खाद्य मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में भोगनीपुर और सिकंदरा तहसील में विशेष छापेमारी की गई। भोगनीपुर में अवधेश बीज भण्डार, किसान बीज भण्डार, सन्दीप बीज भण्डार, सिंह खाद एवं बीज भण्डार सहित 10 प्रतिष्ठानों से बीज नमूने लिए गए। कई प्रतिष्ठान बंद पाए गए, जिनके खिलाफ नोटिस जारी किए गए।अकबरपुर तहसील में उप कृषि निदेशक और जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने 06 प्रतिष्ठानों पर छापे मारे, जिसमें 04 बीज नमूने लिए गए। इसके अलावा, डेरापुर तहसील में 06 प्रतिष्ठानों से 03 नमूने प्राप्त किए गए। सिकंदरा तहसील में 08 प्रतिष्ठानों पर छापे से 06 नमूने एकत्र किए गए और एक प्रतिष्ठान बंद पाया गया, जिसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इन छापों के बाद संबंधित अधिकारियों ने बीज विक्रेताओं को बीज की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित कीमतों पर विक्रय सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना और बीज की कालाबाजारी को रोकना है।

# आईआईटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल संतोष गंगवार

➲ प्रधानमंत्री के विकसित भारत लक्ष्य में संस्थान का है महत्वपूर्ण योगदान, महिलाएं भी माइनिंग के क्षेत्र में आगे आये-राज्यपाल




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो**

धनबाद। धनबाद जिले का सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आइआइटी आइएसएम का आज 99 साल हो गया है।संस्थान अपना 99 वां स्थापना दिवस मनाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष गंगवार शिरकत किये।आईआईटी आइएसएम पहुँचने पर जिला प्रशासन ने राज्यपाल को गॉड ऑफ ऑनर दिया। आईआईटी आई एस एम के डायरेक्टर प्रो. सुकुमार मिश्रा,डिप्टी डायरेक्टर प्रो.धीरज कुमार,डीसी माधवी मिश्रा,एसपी ग्रामीण कपिल चौधरी राज्यपाल का स्वागत किये।समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावे विशिष्ट अतिथि में कोल इण्डिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं दुर्गापुर बर्नपुर सेल निदेशक विजिंदर प्रताप सिंह उपस्थित हुए।समारोह में संस्थान के समस्त फेकेल्टी, स्टूडेंट्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।वही राज्यपाल ने पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।संस्थान ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आईआईटी आइएसएम की स्थापना 9 दिसंबर 1926 को हुई थी संस्थान स्थापना के 100वें साल में कर रहा प्रवेश कर रहा है। वहीं राज्यपाल ने कहा कि देश के आजादी के पहले से ऐसे संस्थान देश की विकास के लिये कार्य कर रहा है।माइनिंग के क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आये।आइआइटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस में आकर अच्छा लगा है।संस्थान को इसके लिये बहुत बहुत बधाई है। बताया कि उनके पुत्र रुड़की आईआईटी में पढ़ रहे है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में आईआईटी आइएसएम का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।माइनिंग में संस्थान अपना योगदान दे रही है।सभी अच्छे से अपनी पढ़ाई करे।

## पैसा न मिलने पर खुद को आग के हवाले किया था युवक इलाज के दौरान हुई मौत

**रुरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के तिंगाई गांव में पैसे न मिलने पर एक युवक ने खुद को आग लगा कर जान देने का प्रयास किया था। आनन फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए थे, जहां से बाद में उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहा उपचार के दौरान शनिवार की रात्रि को उसकी मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक तिंगाई गांव केरहने वाले 44 वर्षीय रानू सिंह के पिता मुन्ना सिंह ने बताया कि अपनी गांव की जमीन का एग्रीमेंट पप्पू, विनय, ब्रजेश को कर दी थी। बताया जाता है कि रानू के ससुराल में शादी थी। पैसे की जरूरत को ले रानू उक्त लोगो से जमीन के एग्रीमेंट के पैसे बीस हजार रुपए की मांग कर रहा था । पैसे न मिलने पर 30 नवंबर की शाम शरीर मे ज्वलनशील पदार्थ डाल आग लगाने से वो गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान



**अतरौलिया, आजमगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान, जांच में जुटी फोरेंसिक टीम व पुलिस। बता दे की थाना क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी शर्मिला देवी पत्नी अजय कुमार उम्र 35 वर्ष शनिवार शायं अपने घर के कमरे में लोहे की पाइप के सहारे फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, तत्पश्चात परिजनो ने आनन फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना देते हुए नजदीकी 100 शैय्या अस्पताल व एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मृतका के मायके फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक संतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम बुलाकर घटना की जांच में जुट गए। मृतका की शादी 2003 में अजय कुमार के साथ हुई थी जो रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतका के पास दो लड़की गुंजा 15 वर्ष सिद्धू 5 वर्ष तथा एक लड़का सौरभ 12 वर्ष भी है। मृतका का मायका अहिरौला थाना क्षेत्र के परगाशपुर में है। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हालांकि मृतका के मायके की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की तरफ से तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।

# गली मोहल्ले से बुलाकर बच्चों को पिलाई जिंदगी की दो बूंद



**राजपुर कानपुर देहात।** राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को सिकन्दरा सीएचसी में एडीएम श्याम नरायन शुक्ला ने फीता काटकर और एक बच्चे को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही ब्लॉक क्षेत्र की 65 स्वास्थ्य टीमों ने अपने अपने बूथों पर 0 से 5 बर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पहले दिन बूथ दिवस के मौके पर गांवों में बूथ बनाकर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस बार के अभियान में 3 ट्रांजिट टीमों के अलावा 19 पर्वेक्षक व तीन सेक्टर पर्यवेक्षक 10 पैरा मेडिकल टीमें लगाई गई इन टीमों ने पोलियो अभियान की सफलता के लिए गली मोहल्ले व नुक्कड़ों में जाकर लोगों को पोलियो की खुराक के लिए जागरुक किया। और बूथों पर बच्चों को ले जाकर पोलियो की खुराक पिलाई। इधर राजपुर पीएचसी में पीएचसी प्रभारी डॉ अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। उसके बाद पीएचसी प्रभारी ने प्राथमिक विद्यालयों, स्कूल कालेज व बस स्टैंड समेत सभी बूथों पर जाकर पोलियो अभियान का जायजा लिया। और लोगों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। अभियान से जुड़ी स्वास्थ्य टीमें देर शाम तक पोलियो की खुराक पिलाने में जुटी रही।

# चिकित्सा अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पल्स पोलियो महाभियान का किया शुभारंभ



**फूलपुर,आजमगढ़।** एसडीएम सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी और चिकित्सा अधीक्षक शशिकांत ने रविवार को संयुक्त रूप से पल्स पोलियो महाभियान का शुभारंभ किया।इस दौरान सीएचसी फूलपुर में नौनिहाल को दवा की दो बूंद पिलाई।सभी अभिभावकों से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। उद्घाटन अवसर पर एसडीएम ने कहा कि 13 दिसंबर तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है।बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें दवा की खुराक अवश्य दिलाएं।उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी पूरी सजगता के साथ दायित्वों को पूरा करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर डॉक्टर मोहम्मद अजीम,डॉक्टर जावेद,डाक्टर आरबी वर्मा,मुन्नी लाल अग्रहरि, कुलभूषण थे।

# पांच दिवसीय श्री श्री संस्कार केंद्र द्वारा अयोजित कार्यक्रम हुआ संपन्न



**आजमगढ़।** कटरा स्थित श्नी अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय श्री श्री संस्कार केंद्र द्वार अयोजित कार्यक्रम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ . अर्चना सिंह और निक्की वर्मा द्वारा संचालित किया गया, जिसमें 6 से 10 वर्ष की बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं मैं संस्कार लाना ताकि हर बच्चा अपने खुश चेहरों के माध्यम से अपने आस-पास खुशी और प्यार ला सके जिज्ञासा के साथ-साथ बच्चों में मानवीय मूल्यों का भी विकास किया जाए। नैतिक कहानियाँ दोहा श्लोक, आसन, भजन, दादी माँ के नुस्खे, क्रिया, खेल जो चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और संपूर्ण विकास लाएँगे। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी कहते हैं कि बच्चे बीज की तरह होते हैं और संस्कार खाद की तरह होते हैं, जो इस कार्यक्रम द्वारा दिया गया। प्रिंसिपल संगीता सिंह और उनके स्टाफ सदस्य रचना, अनामिका के सहयोग से कार्यक्रम फलदायी रहा। सुदेश, अजय रवि ने अपना योगदान किया।

# प्रत्येक समाधान का केंद्र बिंदु है आरएसएस की शाखा : अशोक

## जय मां काली शाखा का सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव





**प्रतापगढ़।** नगर के रूपापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लगने वाली जय मां काली शाखा का रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने आसन, योग, संचलन, सूर्य नमस्कार तथा समता का प्रदर्शन समाज के सम्मानित बंधुओ के समक्ष किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक अशोक,जिला कार्यवाह हेमंत, कार्यक्रम के अध्यक्षता जूबाए पुरातन के नवनिर्वाचित महामंत्री विवेक त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक अशोक ने कहा कि वर्ष भर संघ की शाखा पर नित्य चलने वाले कार्यक्रम का प्रकटीकरण समाज के मध्य शाखा के वार्षिकोत्सव द्वारा स्वयंसेवक करते है, जिसमें समाज के बंधुओ को भी आमंत्रित किया जाता है। वैसे तो संघ वर्ष भर में छह उत्सव मनाता है लेकिन शाखा शारीरिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के प्रकटीकरण को दृष्टि से वार्षिकोत्सव शाखा के स्वयंसेवकों के द्वारा मनाया जाता है। अशोक ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ को समझना है तो शाखा में आएं ।संघ पर आज समाज का विश्वास बढ़ा है और प्रत्येक समाधान का केंद्र बिंदु आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा है।समाज के लोग जानते है कि शाखा में किसी प्रकार का भेद भाव नहीं किया जाता।सब एक पंक्ति में एक सह संपत की आज्ञा पर खड़े हो जाते है।संघ का शताब्दी वर्ष गतिमान है और इसमें संघ ने समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच विषयों पर कार्य करने का प्रण लिया हुआ जिसे पंच प्रण कहते है ये है कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वभाव का जागरण और नागरिक कर्तव्य। इन पंच प्रणों पर चलने पर राष्ट्र अपनी उन्नति को प्राप्त करेगा। संचालन शाखा कार्यवाह सुमित ने किया। कार्यक्रम में नगर प्रचारक विवेकानंद,बस्ती प्रमुख धीरज, मुख्य शिक्षक आशीष, विभाग अभिलेख प्रमुख बिपिन, सेवा कार्यकर्ता धर्मेंद्र,प्रांजल, गट नायक कुंवर,वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत उपाध्यक्ष बृज लाल दुबे,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख अजीत ,विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष रजनीश,क्रीडा भारती जिलाध्यक्ष ध्रुव,क्रीडा भारती के जिला उपाध्यक्ष विक्रम, आकाशवाणी के आशीष मिश्रा,लोक भारती के मंत्री दिनेश शर्मा,क्रीडा भारती संरक्षक अखिलेश शर्मा, अवनीश, आरव,विहान ,संतोष शर्मा,हर्ष, विनय विद्रोही,भाजपा के विनोद शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

# एमजीएस के हैंडबॉल खिलाड़ी रितेश रावत का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन



**सुलतानपुर।** एमजीएस के प्रतिभावान युवा खिलाड़ी रितेश रावत राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय प्रतियोगिता में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है ! रितेश एमजीएस इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है ! उक्त प्रतियोगिता पंजाब के लुधियाना जिले में 11 से 17 दिसम्बर तक खेली जाएगी ! पूरी टीम 9 दिसम्बर को राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या से ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेगी ! इसके पहले भी रितेश दो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शिवपुरी मध्य प्रदेश और हैदराबाद तेलंगाना में खेल कर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं ! रितेश रावत कई वर्षों से पंत स्टेडियम में नियमित अभ्यास कर रहे हैं रितेश रावत कोच प्रवीण मिश्रा की देखरेख में नियमित अभ्यास कर रहे हैं उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता राजेश कुमार, दिलीप सिंह को भी दिया। उनके चयन होने पर विद्यालय अध्यक्ष संजय सिंह प्रबंधक विनोद सिंह प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह और जिला खेल अधिकारी सिराजुद्दीन , मुनेंन्द मिश्रा ,विक्रम सिंह दीपक सिंह, डॉ अजय ,उदय सिंह अशोक सिंह धर्मेंद्र मिश्रा ने खुशी जताई साथ ही स्टेडियम खिलाड़ी मो आसिफ, पंकज कुमार सुमित गौड़ विजय नारायण , शिवा ,शुभम खुशी, हेमंत ने बधाई दी है!

# अजगर देख मचा हड़कम्प, नेशनल हाईवे पर अफरा तफरी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी पर लालगंज तहसील के समीप विशालकाय अजगर के निकलने से लोगों में हड़कम्प मच गया। अजगर को देखने के लिए राहगीरों समेत स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। करीब दस फिट लम्बाई वाले अजगर को लेकर घण्टों कौतूहल का माहौल दिखा। सूचना पर वन प्रभाग की टीम पहुंची। टीम ने मशक्कत कर अजगर को जंगल में छोड़ आया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने आयोजित गोष्ठी में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश





**अमेठी।** अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार ने रविवार को फायर स्टेशन गौरीगंज में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त बीट उपनिरीक्षक/नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में बीट उपनिरीक्षक/नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी को अपने अपने बीट में जाकर कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण, विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी,शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने हेतु बताया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये, जिससे महिलाओं में आत्मसुरक्षा का भाव उत्पन्न हो सके व अपने अधिकारों को जान सकें । इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी/कर्म0 मौजूद रहे।

# बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाकर डीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ

## 09 से 16 दिसम्बर तक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की ड्रॉप



**प्रतापगढ़।** जनपद में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये, कोई भी बच्चा पोलियो ड्राप की खुराक से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ में 2296 पोलियो बूथों पर कुल 440326 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जानी है। इसके उपरान्त 09 से 16 दिसम्बर तक पोलियो ड्राप से छूटे बच्चों को 1022 टीमों के द्वारा घर घर जाकर बच्चों पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। उक्त अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भागवतदत्त मिश्र स्मृति दिवस में प्रमोद तिवारी ने विभूतियों को सौंपा सारस्वत सम्मान




**लालगंज, प्रतापगढ़।** अझारा स्थित भागवत दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुए स्मृति दिवस समारोह में विशिष्ट जनों के साथ मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान मिलने पर मेधावियों के चेहरे पर प्रसन्नता देखी गयी। शिक्षा मनीषी स्व. पं. भागवत दत्त मिश्र के एक सौ चैदहवें जन्मदिन पर पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल, मौलवी फरजन्दअली लॉ कालेज, तारादेवी इंस्टीट्यूट आफ एजूकेशन एण्ड टेक्नालॉजी तथा तारादेवी क्रिकेट अकेडमी एवं भागवत दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त शैक्षिक महोत्सव में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शिक्षा तथा विविध क्षेत्रों में योगदान के लिए विशिष्टजनों को अंगवस्त्रम् एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने प्रख्यात समाजसेविका साधना स्वरूप, वरिष्ठ अधिवक्ता पं. रामसेवक त्रिपाठी, पूर्व आइएएस राकेश ओझा, पूर्व आइएएस अरविन्द मिश्र, सुश्री कुमकुमधर, रतनमनी लाल, सुश्री शिखालाल, अतुलचन्द्र, सुश्री रूपाली, प्राचार्या रचना मिश्रा, सुश्री सुशीला ओझा, विजय शर्मा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बीके बंसल, साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र, डॉ. शक्तिधर नाथ पाण्डेय, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, आचार्य रामअवधेश मिश्र, समाजसेवी केडी मिश्रा, धर्माचार्य विनय शुक्ल, रामलोचन त्रिपाठी, मुकेश सिंह, प्रेम मिश्र, मुकेश तिवारी, सुमित त्रिपाठी, लवलेश शुक्ला, शुभम श्रीवास्तव, दिनेश सिंह को स्व. पं. भागवत दत्त मिश्र स्मृति सम्मान 2024 सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आएएस रमेशचन्द्र मिश्र व संयोजन संस्थान के निदेशक प्रकाशचन्द्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संयोजन भागवत दत्त समग्र विकास समिति की सुश्री सीमा मिश्रा व रीमा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, डॉ. पूनम त्रिपाठी, गौरव मिश्र, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, राहुल सिंह ने किया। संचालन शिक्षक प्रदीप शुक्ल व प्रकाश तिवारी छात्र पीयूष व छात्रा समृद्धि ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन संस्थान की ओर से केडी मिश्र ने किया।

# मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र कालपी में आयोजित कौशल सुधार प्रशिक्षण का हुआ समापन




**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र कालपी द्वारा आयोजित कौशल सुधार प्रशिक्षण हमीरपुर के मुस्कुरा ब्लॉक के अभिनव प्रज्ञा संस्थान की शाखा मुस्करा में 21 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष दया तिवारी उपस्थित रहीं एवं मुस्करा महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय दिलीप सिंह भी उपस्थित रहे। जिसमें 25 दर्जी (सामान्य जाति), 50 दर्जी (अनुसूचित जाति) तथा 25 (अनुसूचित जाति) ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षार्थियों को कुशल मास्टर ञ्ञ्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें एक परीक्षा (ञ्ञ) होना सुनिश्चित है तथा उसके उपरांत प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर मंडलीय ग्रामोद्योग केन्द्र कालपी के प्राचार्य शिशुपाल सिंह गोयल भी मौजूद रहे। प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षार्थियों के रोजगार हेतु विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए गए तथा नारी कल्याणी समिति के अध्यक्ष गौतम अजीत के द्वारा भी प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु जोर दिया और इसी के साथ इस समापन अवसर पर मोहम्मद रफीक एवं अन्य विभाग के लोग भी मौजूद रहे।

# राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में आयोजित हुआ 8वां दीक्षांत समारोह

## ➲ 228 छात्र-छात्राओं को मिली डिग्री ➲ कुलपति इंद्रनील मन्ना के साथ एडीशनल डायरेक्टर कौस्तव नाग हुए शामिल







**अमेठी।** जनपद के जायस स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान जायस में रविवार को आठवां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।दीक्षांत समारोह में 228 छात्र छात्राओं को डिग्री और डिप्लोमा सौंपा गया इसके साथ ही छात्र को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति इंद्रनील मन्ना शामिल हुए।इसके साथ ही छात्र छात्राओं के अभिभावक भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बने।अमेठी के जायस स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में रविवार को आठवां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे शुरू होकर दोपहर दो बजे तक चला।बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, और संस्थान का विशेष पदक देकर सम्मानित किया।इसमें संस्थान स्वर्ण पदक पाने वालों में अंशु पाण्डेय, दिव्यांशी सिंह,सुभ्रदीप चक्रवर्ती,उत्कर्ष शुक्ला दीपांक कुमार पाण्डेय ने संस्थान का स्वर्ण पदक हासिल किया।इसके साथ ही इसी संस्थान में बीटेक के विद्यार्थी उत्कर्ष शुक्ला को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही संस्थान में बीटेक की छात्रा आस्था शायला को निदेशक स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया।

# उपजिलाधिकारी लंभुआ मंजुल मयंक ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

## नवजात शिशुओं को पिलाई पोलियो की दो बूंद



**सुलतानपुर।** उप जिलाधिकारी लंभुआ मंजुल मयंक ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशुओं को ड्रॉप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद पिलाई। इस दौरान एसडीएम ने सभी अभिभावकों से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील भी की। एसडीएम ने कहा कि 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अपने बच्चों को भविष्य में पोलियो जैसी बीमारी से बचाने के लिए उन्हें दवा की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी पूरी सजगता के साथ दायित्वों को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार सिंह,संतोष कुमार पांडेय,डॉ0 धर्मराज सरोज,डॉ0 रंजना गौतम,डॉ0 राम सजीवन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर सीएमओ ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

## 09 से 13 दिसंबर तक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की ड्रॉप





**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई। उन्होंने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसका शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में 1157 बूथों पर कुल 305089 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी हैं, इसके उपरांत 09 से 13 दिसंबर तक घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि छूटे हुए बच्चों को 16 दिसंबर को दवाई पिलाई जाएगी। इस दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉ जकारिया, अधीक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीबी सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।


# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**हमीरपुर।** ठाकुर देवसिंह नेत्र



चिकित्सालय में प्रत्येक माह को होने वाले आयोजन में सद गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए डॉ0 भरत कुमार ने 400 मरीजों का पंजीकरण किया जिसमें 83 मरीजों को आपरेशन के लिए चित्रकूट ले गए इस मौके पर प्राचार्य डॉ0 चंद्रकुमार सोनी और चंद्रशेखर उपस्थित रहे।

# तेज रफ़्तार ट्रक से टकराई पिकअप दो की मौत ड्राइवर और क्लीनर गंभीर रूप से हुआ घायल



**अमेठी।** जनपद में रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया जहाँ तेज रफ्तार पिकअप हाइवे पर खड़े खराब ट्रक में पीछे से टकरा गई।हादसा इतना भीषण था कि पिकअप पर बैठे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ड्राइवर और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना पुलिस मौके पर पहुँची और सभी को अस्साल पहुँचाया जहाँ ड्राइवर और क्लीनर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।मृतक और घायल सभी सीतापुर जिले के रहने वाले थे।पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कपूरचंदपुर गांव के पास का है जहाँ सुबह हाइवे पर खड़ी एक खराब ट्रक में तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दिया।हादसा इतना भीषण था कि पिकअप पर बैठे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ड्राइवर और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विवेक सिंह मौके पर पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद पिकअप में ड्राइवर और क्लीनर को गाड़ी से निकालकर अस्साल पहुँचाया जहाँ से स्थिति गंभीर देख दोनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक असगर अली पुत्र अमीरुद्दीन उम्र 40 वर्ष मजरुआ थाना हरगांव सीतापुर और साजिद पुत्र अज्ञात है। जबकि घायल राजी अहमद पुत्र अमीर लहरपुर सीतापुर और आफताब पुत्र इश्तियाक लहरपुर सीतापुर है।पिकअप संख्या क्क32 स्ह्र 8775 ट्रक संख्या क्क34 ञ्ज 1136 से भिड़ी थी।पूरे मामले पर थाना प्रभारी मुसाफिरखाना विवेक सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है।शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नाले के समीप अधेड़ का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खेत में काम करने गये अधेड़ का नाले के समीप शव मिलने से रविवार को हड़कम्प मच गया। उदयपुर थाना के पूरे ब्रम्हा कुम्भीडीहा निवासी गंगाराम सरोज की पत्नी निशा सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका पति गंगाराम (45) इधर तीन चार दिनों से बीमार चल रहा था। बीती सात दिसम्बर को वह घर से खेत पर काम करने गया था। देर रात घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो उठे। रविवार की सुबह गांव के लोगों ने रंजीत जायसवाल के खेत के बगल पैंगा नाले के पास गंगाराम को मृत देखा। सूचना मिलने पर वह पहुंची आवाक रह गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार दोपहर पीएम के लिए भेजवाया। थानाध्यक्ष राधेबाबू का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# सुपरवुमन का किरदार करने की इच्छा

# कृति सेनन



नई दिल्ली में जन्मी और जे पी इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद फिल्म जगत में कदम रखने वाली कृति सैनन की पहचान मुंबई में मैडॉक गर्ल के रूप में रही है। हाल ही में इफ्फी 2024 में उन्होंने नेपोटिज्म पर अपने विचार व्यक्त किए।

कितनी भी तैयारी करके जाओ लेकिन अगर कलाकार भीतर से तैयार नहीं है तो फिर वही होता है जो सोमवार को गोवा में अभिनेत्री कृति सैनन के साथ हुआ। नेटफ्लिक्स की तरफ से प्रायोजित महिला सशक्तीकरण पर हुए एक कार्यक्रम में कृति ने वंशवाद पर चर्चा के दौरान कहा, 卐मुझे लगता है कि नेपोटिज्म के लिए इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार हैं।卐

नई दिल्ली में जन्मी और जे पी इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद फिल्म जगत में कदम रखने वाली कृति सैनन की पहचान मुंबई में मैडॉक गर्ल के रूप में रही है। 10 साल पहले तेलुगु फिल्म 'वनरू नेनोक्कादिने' और हिंदी फिल्म 'हीरोपंती' से फिल्म जगत मे कदम रखने वाली कृति सैनन कहती हैं, ष्जब से मैं यहां आई हूं, इंडस्ट्री ने मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। बेशक, जब आप किसी फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं होते हैं, तो आपको वहां पहुंचने में समय लगता है। आपको उन अवसरों को पाने में समय लगता है, जिनकी आपको चाहत होती है। आपको उन मैगजीन कवर पर आने में भी समय लगता है। इसलिए सब कुछ थोड़ा संघर्षपूर्ण है। लेकिन 2-3 फिल्मों के बाद, अगर आप कड़ी मेहनत करते रहें और अगर आप इसमें लगे रहें, तो कोई भी आपको रोक नहीं सकता।卐

कृति सैनन ने मैडॉक फिल्म्स के कर्ता धर्ता दिनेश विजन की बतौर निर्देशक इकलौती फिल्म 'राब्ता' में सुशांत सिंह राजपूत के साथ काम किया है। चर्चा के दौरान बात नेपोटिज्म पर भी आई। कृति कहती हैं, 卐मुझे लगता है कि नेपोटिज्म के लिए इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार हैं। दर्शक देखना चाहते हैं कि मीडिया कुछ स्टार किड्स के बारे में क्या दिखा रहा है? दर्शकों की उनमें रुचि है, इसलिए इंडस्ट्री को लगता है कि चूंकि दर्शकों की रुचि है, इसलिए उनके साथ फिल्म बनाई जानी चाहिए। यह एक चक्र है। लेकिन अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आप वहां पहुंच जाएंगे। अगर आप प्रतिभाशाली नहीं हैं, और अगर दर्शकों के साथ आपका जुड़ाव नहीं है, तो आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे।卐

अभिनय का सर्वोच्च सम्मान यानी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाने वाली फिल्म 'मिमी' के बारे में कृति सैनन ने कहा कि फिल्म 'मिमी' उनके अभिनय करियर में अब तक का सबसे साहसिक विकल्प रहा और उस जोखिम का उन्हें अच्छा परिणाम भी मिला। कृति कहती हैं, ष्मुझे कई लोगों ने इस फिल्म (मिमी) को न चुनने की सलाह दी थी। उन्हें डर था कि मुझे एक ऐसे अभिनेता का लेबल दिया जाएगा जो आर्ट हाउस फिल्मों को पसंद करता है और इससे मेरे पास आने वाले अन्य प्रोजेक्ट प्रभावित होंगे। फिर भी, मैंने इसे चुना क्योंकि इस स्क्रिप्ट ने मेरे दिल को छू लिया। और प्रोजेक्ट चुनते समय यह कारक सबसे अधिक मायने रखता है।ष

भविष्य में एक सुपरवुमन का किरदार और कोई नकारात्मक किरदार निभाने की इच्छा जाहिर करते हुए कृति कहती हैं, 卐फिल्म 'दो पत्ती' में मेरी भूमिका कई परतों वाली रही है। फिल्म का घरेलू हिंसा का विषय भी मार्मिक है। फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में सीधे-सादे रोबोट की भूमिका निभाना उनके लिए मुश्किल था और उस भूमिका को लोगों ने खूब सराहा।卐 हाल की फिल्मों में महिलाओं द्वारा निभाए जा रहे नकारात्मक किरदारों और भूमिकाओं के बारे में चर्चा के दौरान कृति ने कहा कि दर्शक अब ग्रे किरदारों को पसंद करते हैं और उनसे अच्छी तरह जुड़ते हैं और आजकल 'पुरुषों की नजर' भी बदल रही है, इसके चलते 'परफेक्ट' लड़की या महिला पर निर्माता-निर्देशक उतना जोर देते नहीं हैं।




पिछले कुछ समय से ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के बीच अलगाव की अटकल लगाई जा रही है। इन्हीं खबरों के बीच अभिषेक ने आराध्या की परवरिश करने के लिए ऐश्वर्या को शुक्रिया कहा था। अब एक अवॉर्ड फंक्शन में उन्होंने शादी-शुदा जिंदगी को लेकर एक बयान दिया है। इन दिनों ऐश्ववर्या राय और अभिषेक बच्चन का रिश्ता चर्चा में बना हुआ है। लंबे समय से यह दोनों साथ में कहीं नजर नहीं आए हैं। ऐसे में एक खबर ने जोर पकड़ लिया की यह दोनों शायद अलग होने वाले हैं। इस खबर का आधार अभिषेक बच्चन का अपनी बेटी आराध्या के जन्मदिन में शामिल ना होना भी रहा। लेकिन हाल ही में अभिषेक ने ऐश्वर्या को शुक्रिया भी कहा था। अब एक बार फिर वह शादी-शुदा जिंदगी में बारे में वह बोले हैं। क्या कहा अभिषेक बच्चन ने जानिए। पत्नी का कहा मानना चाहिए हाल ही में अभिषेक बच्चन फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 2024 में शामिल हुए। यहां उनसे सवाल किया गया कि आप इतना अच्छा अभिनय कैसे कर लेते हैं, तो उन्होंने कहा कि जैसा निर्देशक कहते हैं, वैसा मैं करता हूं और घर चला जाता हूं। इस जवाब पर एंकर ने कहा कि मेरी बीबी भी मुझे डायरेक्टर की हिसाब से चलने वाला एक्टर कहती है। इस पर अभिषेक बोले कि जैसा बीबी कहती है, वैसा करना चाहिए। हर शादी-शुदा आदमी को यही करना चाहिए। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर यूजर कहने लगे हैं कि शायद ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच के रिश्ते ठीक हो रहे हैं, तभी वह बीबी की बात को मानने के लिए कह रहे हैं। आराध्या की परवरिश के लिए शुक्रिया कहा पिछले दिनों भी अपनी फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए दिए गए इंटरव्यू में अभिषेक ने ऐश्वर्या की तारीफ की और उन्हें शुक्रिया कहा। वह कहते हैं, %मैं लकी हूं कि बाहर जाकर फिल्में बनाने का मौका मिलता है क्योंकि मुझे पता है कि ऐश्वर्या, आराध्या के साथ घर पर हैं। मैं इसके लिए उनका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं।% सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या करती हैं फॉलो अगर ऐश्वर्या की बात करें तो वह अब भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक ही शख्स को फॉलो करती हैं और वो अभिषेक बच्चन ही हैं। अभिषेक के अलावा वह किसी दूसरे व्यक्ति को इंस्टाग्राम पर फॉलो ही नहीं करती हैं। शादी की अंगूठी अब तक पहनी हुई है बेटी आराध्या बच्चन के जन्मदिन पर चाहे अभिषेक बच्चन ना आए हों, लेकिन ऐश्वर्या ने जो तस्वीरें साझा की उसमें वह अपनी शादी की अंगूठी पहने नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या दक्षिण भारत से हैं, वहां की शादी-शुदा महिलाएं एक वी शेप की अंगूठी पहनती हैं। ऐसी ही अंगूठी ऐश्वर्या ने अब भी पहनी हुई है। इससे भी लगता है कि ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच अभी उतनी दूर नहीं पैदा हुई, जितनी सोची जा रही है।




बॉलीवुड की फैशन डीवा सोनम कपूर एक बार फिर ग्लैमरस लुक में कहर ढहाती हुई नजर आई. उनकी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. बॉलीवुड की फैशन डीवा सोनम कपूर एक बार फिर ग्लैमरस लुक में कहर ढहाती हुई नजर आई. उनकी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. सोनम कपूर भले ही पर्दे से दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं. जहां हर दिन फैंस को उनका एक नया अंदाज देखने को मिलता है. अब एक्ट्रेस के लेटेस्ट फोटोशूट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. जिसमें वो डीपनेक गाउन पहन कैमरे के सामने इतराती नजर आई हैं. सोनम कपूर के इस बोल्ड एंड ब्यूटीफुल लुक की तस्वीरें एक्ट्रेस की बहन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस लंबे वक्त बाद हसीन अवतार में नजर आई. उन्होंने एक ग्रीन कलर का डीपनेक गाउन पहना हुआ है. सोनम कपूर ने अपना ये लुक न्यूड मेकअप, गले में क्रास का लॉकेट, खुले लंबे बाल और कजरारे नैनों के साथ पूरा किया है. एक्ट्रेस हर तस्वीर में एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं. जिनपर उनके फैंस भी लट्टू हो गए हैं. सोनम इन फोटोज में कभी मिरर के सामने दिलकश अदाएं दिखा रही हैं. तो कभी बेड और काउच पर कैमरे के लिए पोज देती दिखाई दी. वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम कपूर को आखिरी बार फिल्म 'ब्लाइंड' में देखा गया. जिसमें उन्होंने एक अंधी लड़की का रोल निभाया था. वहीं इन दिनों एक्ट्रेस अपने बेटे वायु और पति आनंद के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं.




सारा अली खान अक्सर अपनी पर्सनल लाइफको लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अब खबरें आ रही हैं कि वह मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा को डेट कर रही हैं। दरअसल, सारा इन दिनों राजस्थान की यात्रा पर हैं, जिनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। वहीं, अर्जुन ने भी अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों राजस्थान में एक साथ वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। सारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्हें राजस्थान की खूबसूरती का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरी तस्वीर में सारा रेगिस्तान सफारी का मजा ले रही हैं। वहीं, दूसरी ओर अर्जुन प्रताप बाजवा ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह जिम के अंदर मिरर सेल्फी लेते हुए नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर उनके बीच डेटिंग को लेकर फिर से अटकलें शुरू हो गईं। केदारनाथ की यात्रा से उड़ी थी डेटिंग की खबरें सारा और अर्जुन के बीच डेटिंग की खबरें पहली बार केदारनाथ के दर्शन के दौरान उड़ी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने कथित तौर पर पहाड़ी मंदिर में दर्शन किए थे और अपनी-अपनी तस्वीरें पोस्ट की थीं, जिसके बाद से यह चर्चा शुरू हो गई थी कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। कौन हैं अर्जुन प्रताप बाजवाअर्जुन प्रताप बाजवा एक मॉडल और एक्टर हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के शो में रैंप वॉक किया है। इसके अलावा, वह अक्षय कुमार की फिल्म शिसंह इज ब्लिंगश् में असिस्टेंट के तौर पर काम कर चुके हैं। अर्जुन, राजनेता फतेह जंग सिंह बाजवा के बेटे हैं, जो फिलहाल पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से रौंदा, श्रृंखला 1-1 से बराबर

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को भारत पर 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज के साथ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफउसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि टेस्ट में अपना दबदबा कायम रखा। भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतीश कुमार रेड्डी (42) के पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचा। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की। भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड (51 रन पर तीन विकेट) ने पारी की शुरुआती में विकेट झटके जबकि मिशेल स्टार्क (60 रन पर दो विकेट) ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाये। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों का दबदबा ऐसा था कि कमिंस को दूसरी पारी में मिशेल मार्श और नाथन लियोन की भी जरूरत नहीं पड़ी। टीम के विशेषज्ञ स्पिनर और हरफनमौला ने पूरे मैच में केवल पांच ओवर फेंके। पर्थ में 295 रन की आसान जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजी इकाई इस मैच की दोनों पारियों को मिलाकर कुल 81 ओवर भी नहीं खेल पायी। टेस्ट मैच में एक दिन में आधिकारिक तौर पर 90 ओवर गेंदबाजी करने का प्रावधान है। ऐसे में भारत अपनी दोनों पारी को मिलाकर एक दिन भी नहीं टिक पाया। भारत को इस मैच की दोनों पारियों में सबसे ज्यादा निराशा अनुभवी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से हुई। यह दोनों बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का सामना करने में विफल रहे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। दिन के पहले ओवर में भी गुलाबी गेंद के बेताज बादशाह माने जाने वाले स्टार्क ने ऑफस्टंप की बाहर वाली गेंद पर पंत को चकमा दिया और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरे स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ के हाथों में चली गयी। स्टार्क के नाम दिन-रात्रि टेस्ट में सबसे ज्यादा 74 विकेट हैं। रेड्डी ने एक बार फिर तकनीक और आक्रमण का अच्छा मिश्रण दिखाया। पंत के आउट होने के बाद उन्होंने कुछ बड़े शॉट खेलकर टीम को पारी की हार से बचा लिया। शुरुआती दो टेस्ट मैच में रेड्डी भारत के सबसे अच्छे बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उभरे हैं। वह करियर की शुरुआती चार पारियों में अच्छी शुरुआत को अर्धशतक में बदलने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने 41, 37 नाबाद, 42 और 42 रन स्कोर के साथ प्रभावित किया। वह अगर गेंदबाजी में थोड़ी गति हासिल कर सुधार कर सकें तो टीम के लिए तेज गेंदबाजी हरफनमौला की कमी को पूरा कर सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने कमिंस की बाउंसर पर एक ही गलती लगातार तीन बार दोहराई। शुरुआती दो बार वह बच गए लेकिन तीसरी बार गेंद उनके ग्लव्स को छूकर विकेटकीपर के दस्ताने में चली गयी।

# गत विजेता बांग्लादेश ने किया एशिया कप के खिताब का बचाव, आठ बार के चौंपियन भारत को हराया

**दुबई।** फाइनल मैच में बांग्लादेश ने भारत को 59 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने रिजान हुसैन की 47 रनों की पारी की बदौलत 49.1 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में भारत की टीम 139 रन ही बना सकी और 35.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। दुबई में खेले गए फाइनल मैच में बांग्लादेश ने भारत को 59 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने रिजान हुसैन की 47 रनों की पारी की बदौलत 49.1 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में भारत की टीम 139 रन ही बना सकी और 35.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। आठ बार की विजेता टीम को बांग्लादेश ने फाइनल में हराया बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 195 रन से हराया था। बता दें कि, यह अंडर-19 एशिया कप का 11वां सीजन है। भारतीय टीम ने आठ बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। 2023 के सेमीफाइनल में भी भारत को हराया भारत को इससे पहले 2023 में अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया था। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुशीर खान की 50 रनों की पारी की बदौलत 188 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश ने 42.5 ओवर में 189 रन बनाकर जीत दर्ज की थी और फाइनल में स्थान हासिल किया था। फ्लॉप रहे वैभव सूर्यवंशी भारतीय टीम का कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका जिसमें आईपीएल के सबसे युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जो केवल नौ रन (7 गेंद, 2 चौके) ही बना सके। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (01) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया। बांग्लादेश ने बाकी भारतीय बल्लेबाजों को रन नहीं बनाने दिए जिन्हें बाउंड्री लगाने के साथ एक रन लेने में भी परेशानी हो रही थी। इकबाल हुसैन ने बरपाया कहर रिजान हुसैन ने सी आंद्रे सिद्धार्थ (35 गेंद पर 20 रन) की पारी 12वें ओवर में समाप्त कर दी। यह मैच का अहम पल था जिससे पलड़ा बांग्लादेश के पक्ष में झुक गया। इकबाल हुसैन इमोन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इससे भारत की उम्मीद टूट गई। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने केपी कार्तिकेय (21), निखिल कुमार (0) और हरवंश पंगालिया (6) को जल्दी आउट कर दिया। मोहम्मद अमान ने लंबे समय तक टिके रहने के बाद 65 गेंद में 26 रन बनाये। लेकिन उनका प्रयास और हार्दिक राज की 21 गेंद में 24 रन की पारी भी भारत के लिए काफी नहीं थी। अजीजुल हकीम ने अंत में अपने 2.2 ओवरों में आठ रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश की पारी बांग्लादेश की तरफ से रिजान हुसैन 47 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इसके अलावा मोहम्मद शिहाब ने 40 रन की पारी खेली। फरीद हसन ने 39 रन बनाए। जवाद अबरार ने 20 रन, कलाम सिद्दिकी ने एक रन, कप्तान मोहम्मद अजीजुल हकीम ने 16 रन और देबाशीष सरकार ने एक रन बनाया। मोहम्मद सैमियुन ने चार, अल फहाद ने एक रन और इकबाल इमोन ने एक रन बनाया। भारत की ओर से युधाजीत गुहा, चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। किरण चोरमोले, केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला।

**अंडर-19 एशिया कप**
**खिताब जीतने वाली टीमें**

| साल | विजेता | रनर-अप | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 1989 | भारत | श्रीलंका | 64 रन से जीता |
| 2003 | भारत | श्रीलंका | 08 विकेट से जीता |
| 2012 | भारत | पाकिस्तान | मैच टाई |
| 2013-14 | भारत | पाकिस्तान | 40 रन से जीता |
| 2016 | भारत | श्रीलंका | 34 रन से जीता |
| 2017 | अफगानिस्तान | पाकिस्तान | 185 रन से जीता |
| 2018 | भारत | श्रीलंका | 144 रन से जीता |
| 2019 | भारत | बांग्लादेश | 5 रन से जीता |
| 2020 | भारत | श्रीलंका | 9 विकेट से जीता |
| 2023 | बांग्लादेश | यूएई | 195 रन से हराया |
| 2024 | बांग्लादेश | भारत | 59 रन से जीता |




# एडिलेड डे नाइट टेस्ट में भारत की हार के चार मुख्य कारण, अंडर लाइट्स गेंदबाजी-बल्लेबाजी रही फ्लॉप




**ऑस्ट्रेलिया में सबसे कम समय में खत्म हुए टेस्ट (गेंदों के हिसाब से)**

| मैच में कुल गेंद फेंकी गईं | मैच | स्थान | साल |
|---|---|---|---|
| 656 गेंद | ऑस्ट्रेलिया vs दक्षिण अफ्रीका | मेलबर्न | 1932 |
| 866 गेंद | ऑस्ट्रेलिया vs दक्षिण अफ्रीका | ब्रिस्बेन | 2022 |
| 911 गेंद | ऑस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड | सिडनी | 1895 |
| 1031 गेंद | ऑस्ट्रेलिया vs भारत | एडिलेड | 2024 |
| 1034 गेंद | ऑस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड | ब्रिस्बेन | 1950 |

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए डे नाइट टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। एडिलेड टेस्ट महज तीन दिन में समाप्त हो गया और 2020 की तरह इस बार भी टीम इंडिया कुछ खास नहीं कर सकी। यह डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया को मिली दूसरी हार रही। भारत ने अब तक पांच पिंक बॉल टेस्ट खेले हैं और तीन में उसे जीत मिली है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने 12 डे नाइट टेस्ट खेले हैं और सिर्फएक मैच गंवाया है। इस हार से भारतीय टीम पर एकबार फिर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारतीय टीम ने पर्थ में जो ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी, वह रोहित के वापस आते ही फुस्स हो गई। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया को लगातार चौथे टेस्ट में हार मिली। आइए जानते हैं कि ऐसी क्या वजह रही, जिसने एडिलेड में भारतीय टीम की लुटिया डुबो दी... अंडर लाइट्स बैटिंग बॉलिंग में पिछड़े भारतीय खिलाड़ी भारतीय टीम ने दिन के वक्त तो अच्छा खेल दिखाया, लेकिन अंडर लाइट्स जब गेंद लहराती है तो भारतीय गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में अंडर लाइट्स ज्यादा समय गुजारा, लेकिन टीम इंडिया सिर्फएक ही विकेट ले सकी। नतीजा अगले दिन ट्रेविस हेड ने धूप में सूख चुकी पिच पर खूब रन बटोरे। वहीं, जब बात भारतीय बल्लेबाजी की हुई तो दूसरे दिन रात में भारत ने दूधिया रोशनी में अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट गंवा दिए। यही जीत हार का मुख्य कारण बना। हेड को शॉर्ट बॉल से अटैक नहीं किया पिछले साल वनडे विश्व कप से ही यह बात चली आ रही है कि हेड को शॉर्ट बॉल खेलने में परेशानी होती है। इसके बावजूद भारतीय गेंदबाज उन्हें लगातार गुड लेंथ पर बॉल करते रहे। ऑस्ट्रेलिया की पिच पर भारतीय गेंदबाज शॉर्ट बॉल का इस्तेमाल कर हेड पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और हेड ने शानदार शतक जड़ दिया। हेड की पारी मैच का मुख्य टर्निंग पॉइंट रही। उनके 140 रन ने जीत हार का अंतर पैदा कर दिया। पहले दिन भारत ने स्टंप पर सिर्फ 6 प्रतिशत बॉलिंग की भारतीय टीम पहले दिन 180 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने करीब 33 ओवर बल्लेबाजी की और सिर्फ एक विकेट गंवाया। भारतीय टीम लहराती गेंद को संभालने में नाकाम रहे। वह चौथे और छठे स्टंप पर लगातार गेंदबाजी करते रहे। भारतीय गेंदबाजों ने पहले दिन स्टंप टू स्टंप पर सिर्फ छह प्रतीशत गेंदबाजी की। इसका नुकसान यह हुआ कि एक्सट्राज में ऑस्ट्रेलिया को रन मिलते रहे और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने इसका फायदा उठाया। दूसरे दिन हर्षित-सिराज की बॉलिंग अच्छी नहीं रही ऑस्ट्रेलिया ने भारत के 180 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। उन्हें 157 रन की बढ़त मिली। दूसरे दिन जब भारतीय टीम गेंदबाजी के लिए आई तो बुमराह ने ही ब्रेक थ्रू दिलवाया। उन्हें दूसरे छोर से कोई मदद नहीं मिली। सिराज ने चार विकेट जरूर लिए, लेकिन वह काफी महंगे भी रहे। उन्होंने चार की इकोनॉमी से रन खर्च किए। वहीं, हर्षित राणा तो बिल्कुल ही बेरंग दिखे। हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन खर्च किए। उनका इकोनॉमी 5.40 का रहा। भारत का प्रसिद्ध कृष्णा या आकाश दीप को नहीं खिलाकर हर्षित को खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ।

# विनोद कांबली अर्श से फर्श तक कैसे पहुंचे?

कुछ दिनों पहले पूर्व क्रिकेट विनोद कांबली और सचिन तेंदुलकर का एक वीडियो काफी वायरल हुआ। जिसमें दोनों दिग्गज एक ही मंच साझा करते हुए दिखे। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर एक नई बहस छेड़ दी। लोगों ने इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इस वीडियो में विनोद कांबली को देखकर हर कोई भावुक हो गया, कांबली इस वीडियो में काफी बीमार लग रहे हैं और वह सचिन तेंदुलकर को देखकर इतने खुश हुए कि उनका हाथ तक नहीं छोड़ पा रहे थे। लेकिन इसी बीच वहीं पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने ईमानदारी से कमेंट किया था। उन्होंने बताया था कि महान अनिल कुंबले को पहली ही गेंद पर छक्का जड़ने वाले विनोद कांबली और सचिन तेंदुलकर में क्या अंतर है। सचिन तेंदुलकर के बचपन के दोस्त कांबली जब क्रिकेट मैदान में आए तो वह सबसे चर्चित क्रिकेटरों में से एक थे, लेकिन वह अपना कद बरकरार रखने में असफल रहे। 1991 में डेब्यू करने के बाद भारत के लिए 104 वनडे और 17 टेस्ट खेलने के बावजूद कांबली का अंतर्राष्ट्रीय करियर एक दशक भी नहीं चला। इस बारे में भात के लिए 509 मैच खेले और बाद में सीनियर टीम को कोचिंग देने वाले राहुल द्रविड़ ने एक बार उदाहरण दिया था कि कैसे विनोद कांबली में अविश्वसनीय गेंद मारने की क्षमता थी, लेकिन शायद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना पड़ता है ये समझने के लिए उनके पास अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा नहीं थी। राहुल द्रविड़ वीडियो में कहते हैं कि, मुझे लगता है कि हम प्रतिभा को गलत तरीके से आंकते हैं। हम प्रतिभा को किस रूप में देखते हैं? मैंने भी यही गलती की है। हम प्रतिभा को लोगों की क्रिकेट बॉल को मारने की क्षमता से आंकते हैं। क्रिकेट बॉल की मिठास या टाइमिंग। यही एकमात्र जरिया है जिसे हम प्रतिभा के रूप में देखते हैं। दृढ़ संकल्प, साहस, अनुशासन और स्वभाव जैसी चीजें भी प्रतिभा है। जब हम प्रतिभा का आंकलन करते हैं तो मुझे लगता है कि हमें पूरे पैकेज को देखना होगा। द्रविड़ ने कहा कि, ये समझना मुश्किल है, लेकिन कुछ लोगों में टाइमिंग और बॉल-स्ट्राइकिंग का हुनर होता है। सौव गांगुली के पास कवर ड्राइव को टाइम करने की क्षमता थी। सचिन में ये क्षमता है, और वीरू में भी। आप गौतम गंभीर जैसे खिलाड़ी के बारे में ऐसा नहीं कहेंगे, जितना आप इनमें से कुछ अन्य खिलाड़ियों के बारे में कहेंगे। ऐसा नहीं है कि गौतम कम सफल हैं। इसलिए हम प्रतिभा को ईस रूप में देखते हैं। हम वास्तव में प्रतिभा के दूसरे पहलू को नहीं देखते। हम कहते हैं कि एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी सफल नहीं हो पाया। हम हमेशा इस पहलू को देखते हैं लेकिन शायद उसमें अन्य प्रतिभाएं नहीं थीं। वहीं राहुल ने आगे कहा कि, मुझे बुरा लगता है कि लेकिन विनोद शायद उन सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिनसे मैं मिला हूं। विनोद के पास गेंद को मारने की अद्भुत क्षमता थी। मुझे राजकोट में एक खेल याद है। विनोद ने जवागल श्रीनाथ और अनिल कुंबले के खिलाफ 150 रन बनाए थे। ये अविश्वनीय था। पहली गेंद अनिल ने डाली, उन्होंने उसे सीधे पत्थर की दीवार पर मारा।

## एशिया कप से जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना चाहेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और उसकी निगाहें अपना खिताब बचाने के साथ अगले साल के जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की होगी। सात से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट चिली में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। कोच तुषार खांडेकर के मार्गदर्शन में भारत की अगुआई ज्योति सिंह करेंगी जबकि साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं। पिछले साल भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के साथ एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के साथ अगले साल के विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल की तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें जूनियर विश्व कप के लिए अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। कप्तान ज्योति ने कहा, ''हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और हमारे देश को गौरवान्वित करेगी।'' उन्होंने कहा, ''यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ हैं।'' अगर भारत पूल ए में शीर्ष दो टीमों में से एक रहता है तो वह 14 दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे। टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 15 दिसंबर को खेला जाएगा।

## तदर्थ पैनल के अधिकार क्षेत्र को बहाल करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को महासंघ के मामलों के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का पुनर्गठन करने की स्वतंत्रता देने के आदेश को चुनौती दी। यह अपील कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष आई जिसने इसे 18 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया क्योंकि एक पक्ष के वकील बृहस्पतिवार को उपलब्ध नहीं थे। डब्ल्यूएफआई ने एकल न्यायाधीश की पीठ के 16 अगस्त के अंतरिम आदेश को चुनौती दी है जिसमें कहा गया था कि आईओए का तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय पिछले साल दिसंबर में चुनावों के तुरंत बाद डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के खेल मंत्रालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। एकल न्यायाधीश ने कहा था कि निलंबन आदेश वापस लिए जाने तक तदर्थ समिति के लिए महासंघ के मामलों का संचालन करना आवश्यक है।

## करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निजी प्रायोजकों और महासंघ से सहयोग की जरूरत

**मुंबई ।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने निजी प्रायोजकों और राष्ट्रीय महासंघ से करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। बोपन्ना अभी टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।टेनिस प्रीमियर लीग की विज्ञप्ति के अनुसार बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फनिजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का मौका मिल रहा है।'' बोपन्ना पहली बार टीपीएल में भाग ले रहे हैं। वह पुरुष युगल और मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं।

## ऋषभ पंत ने टेस्ट में दिलाई आईपीएल की याद, भारतीय बल्लेबाज के शॉट देखकर हर कोई हैरान

एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपनी शानदार विकेटकीपिंग के साथ-साथ दमदार बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते हैं। पंत पर फॉर्मेट का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऋषभ पंत ने एडिलेड टेस्ट में आईपीएल वाला अंदाज दिखाया। भारत ने दूसरी पारी में 5 विकेट के नुकसान के साथ 128 रन बनाए। ऋषभ पंत कई बार अटपटे शॉट खेलते हैं। वे भारत की दूसरी पारी के दौरान नंबर पांच पर बैटिंग करने आए। पंत ने इस दौरान दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद 28 रन बनाए। पंत ने 25 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके लगाए। उन्होंने इस पारी के दौरान ऐसा शॉट खेला कि नीचे की काफी ज्यादा बैंड हो गए। पंत की इस तस्वीर को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने एक्स पर भी शेयर किया है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टेस्ट खेलेंगे शमी, मुश्ताक अली अभियान खत्म करके होंगे रवाना

मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं और उनकी 'प्लेइंग किट' पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है जबकि एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी मिलना बस औपचारिकता मात्र है।

# जिस पिच पर ट्रेविस हेड के बल्ले ने उगली आग

### उसी पर संघर्ष करते दिखे भारतीय बल्लेबाज, कहां हुई चूक?

**एडिलेड।** स्कॉट बोलैंड और पैट कमिंस की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 128 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम को अब पंत और नीतीश से आस है जो क्रीज पर टिके हुए हैं। भारतीय टीम की स्थिति ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में अच्छी नहीं दिख रही है।

पहली पारी में 180 रन पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में भी भारतीय टीम का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और एक ही सत्र में उसने अपने पांच विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी इस मैच में इतनी खराब रही कि जिस पिच पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने दमदार बल्लेबाजी की, उसी पर यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 337 रन पर आउट की, लेकिन कंगारू टीम 157 रनों की बढ़त हासिल करने में सफल रही। स्कॉट बोलैंड और पैट कमिंस की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 128 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 29 रन पीछे है।



**2023 से अब तक सभी प्रारूपों में ट्रेविस हेड का प्रदर्शन**

| vs भारत | प्रदर्शन | vs अन्य |
|---|---|---|
| 19 | पारियां | 54 |
| 1052 | रन | 1875 |
| 61.9 | औसत | 36.8 |
| 4/3 | 50/100 | 10/3 |






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।